CMYK

तापमान
अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 27°C

सेंसेक्स निफ्टी
81,596.63
24,813.45

सोना चांदी
98,250
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 22 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 177 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली व अनुष्का

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# बानू मुश्ताक को मिला इंटरनेशनल बुकर प्राइज

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। हार्ट लैंप कन्नड़ भाषा में लिखी पहली किताब है, जिसे बुकर प्राइज मिला है।

दीपा भष्ठी ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया है। बुकर प्राइज के लिए हार्ट लैंप को दुनियाभर की छह किताबों में से चुना गया। यह अवॉर्ड पाने वाला पहला लघु कथा संग्रह (शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन) है। दीपा भष्ठी इस किताब के लिए अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांसलेटर हैं। बानू मुश्ताक और दीपा भष्ठी ने मंगलवार को लंदन के टेट मॉडर्न में हुए कार्यक्रम में अवॉर्ड रिसीव किया। दोनों को 50,000 पाउंड (52.95 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो लेखक और ट्रांसलेटर के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है। बानू मुश्ताक ने हार्ट लैंप किताब में दक्षिण भारत में पितृ सत्तात्मक समाज में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की कठिनाइयों को मार्मिक ढंग से दर्शाया है। उन्होंने 1990 से 2023 के बीच, तीन दशकों के दौरान ऐसी 50 कहानियां लिखी थीं। दीपा भष्ठी ने इनमें से 12 कहानियों को चुनकर ट्रांसलेट किया। अवॉर्ड जीतने के बाद मुश्ताक ने कहा कि यह किताब का जन्म इस भरोसे से हुआ है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती। मानवीय -शेष पृष्ठ दो पर

**हार्ट लैंप यह सम्मान पाने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक, दीपा भष्ठी ने किया अंग्रेजी अनुवाद**



# पाक उच्चायोग के अफसर को 24 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **भारत ने पाक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने बुधवार को इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है। इससे पहले 13 मई को भारत ने जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण एक पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था।

## जस्टिस वर्मा कैश कांड: एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ये मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

## भारत ने बलूचिस्तान में आतंकी हमले को लेकर पाक के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्कूल बस पर आतंकवादी हमले की घटना को लेकर आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकवाद के वैश्विक केन्द्र के रूप में अपनी बदनामी से पीछा छुड़ाने के लिए भारत पर दोषारोपण पाकिस्तान की दूसरी प्रवृत्ति बन गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि भारत आज पहले खुजदार में हुई घटना में उसकी संलिप्तता के संबंध में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसी सभी घटनाओं में जान गंवाने पर शोक व्यक्त करता है। हालांकि आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा से ध्यान हटाने और अपनी घोर विफलताओं को छिपाने के लिए, पाकिस्तान के लिए अपने सभी आंतरिक मुद्दों के लिए भारत को दोषी ठहराना दूसरी प्रकृति बन गई है। श्री जायसवाल ने कहा कि दुनिया को धोखा देने का यह प्रयास असफल होने के लिए अभिशप्त है।

## ईपीएफओ ने मार्च में 14.58 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मार्च 2025 में 14.58 लाख सदस्य जोड़े हैं, जो पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि मार्च 2025 में जोड़े गए सदस्यों में से लगभग 7.54 लाख नए सदस्य हैं, जो फरवरी 2025 की तुलना में 2.03 प्रतिशत मार्च 2024 की तुलना में 0.98 प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में लगभग 2.92 लाख महिला सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुईं। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सदस्य जोड़ने में लगभग 59.67 प्रतिशत का योगदान दिया है। इनमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। वार रेस्तरां, सीमेंट,सामान्य बीमा, कैंटीन,ट्रैवल एजेंसियां और होटल क्षेत्र से सबसे ज्यादा सदस्य जोडे गए हैं।

# छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

## मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, एक जवान शहीद

नारायणपुर, वार्ता



**छत्तीसगढ़ के** चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रुपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और कुछ जवान घायल भी हुए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव जवानों के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। श्री सुंदरराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबल के जवानों और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 27 माओवादियों के शवों को भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से माओवादियों के कई हथियार भी बरामद किया है। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी के एक जवान की शहादत के साथ कुछ -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार नक्सलवाद के खात्मे को प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 खूंखार नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

## अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरुवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुरुवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में कहा कि भारतीय रेल के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढ़े ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि राजस्थान के अपने दौरे में कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सुअवसर मिलेगा। इनमें अनेक सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे जहां आवाजाही की सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी और मजबूती मिलेगी।

# वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन भी हुई सुनवाई

■ **वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं: केंद्र**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं। वक्फ कानून के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से एसजी तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो।

# पूर्व आईएएस अधिकारी खेडकर को सशर्त अग्रिम जमानत

■ **पूजा खेडकर पर जाली प्रमाण पत्र पेश करने के गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व अधिकारी (आईएएस) प्रोबेशनर पूजा खेडकर की सशर्त अग्रिम जमानत याचिका को बुधवार को मंजूरी दे दी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति) का जाली प्रमाण पत्र पेश करने के गंभीर आरोप हैं। पीठ ने खेडकर की ओर से दायर आपराधिक अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत देने से इन्कार करने के फैसले को चुनौती दी गई। पीठ ने कहा कि अपराध की प्रकृति और मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, यह एक उपयुक्त मामला है। उच्च न्यायालय को इसमें अग्रिम जमानत देनी चाहिए थी। शीर्ष अदालत ने जनवरी में खेडकर को दी गई गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा को स्थायी कर दिया था। शीर्ष अदालत की अंतिम आदेश में कहा गया है कि गिरफ्तारी की स्थिति में, अपीलकर्ता को 25,000 रुपये की नकद जमानत और दो जीवित जमानतदारों को प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा किया जाएगा। उसे जांच में पूरा सहयोग करना होगा, अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करना होगा। गवाहों को प्रभावित नहीं करना होगा या सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करनी होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की हकीकत बयां करने को पहला दल रवाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य व सिएरा लियोन जाएगा**

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया। यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के बाद श्री शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे पाकिस्तान को घेरने तथा दुनिया को उसकी नापाक हरकतों की जानकारी देने के लिए करीब तीस देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंल भेजने का निर्णय लिया है।

# प्रो. महमूदाबाद को मिली सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया।

उच्चतम न्यायालय ने हालांकि, मामले में प्रोफेसर के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज दो मुकदमों पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने आदेश में कहा कि हम याचिकाकर्ता को सीजेएम सोनीपत की संतुष्टि के अनुसार जमानत बॉन्ड प्रस्तुत करने की शर्त पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश देते हैं। दोनों मुकदमों के लिए जमानत बॉन्ड का केवल एक सेट होगा। इसके अलावा न्यायालय ने आरोपी को अपना पासपोर्ट जमा करने का भी आदेश दिया। साथ ही, इस मुद्दे (ऑपरेशन सिंदूर) पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट या भाषण नहीं देने का आदेश दिया। शीर्ष न्यायालय ने मामले की जांच के लिए हरियाणा पुलिस के स्थान पर एक विशेष जांच दल का गठन किया, जो वर्तमान में मामले की जांच कर रहा है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि विशेष जांच दल में हरियाणा या दिल्ली के अधिकारी नहीं होंगे। अशोका विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। रविवार को दो अलग-अलग मामलों के मुकदमा दर्ज होने पर उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनकी कथित टिप्पणियों के लिए देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का आरोप है । हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रो. महमूदाबाद की टिप्पणियों की आलोचना की थी।

## तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, केंद्र पर फंड रोकने का आरोप

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर विभिन्न शिक्षा योजनाओं के फंड रोकने का आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की है, जिसमें केन्द्र को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। राज्य की द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने केंद्र पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के क्रियान्वयन न करने पर समग्र शिक्षा योजना के तहत फंड रोकने का आरोप लगाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें इस वर्ष एक मई से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

# सोनिया व राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने के आसार

## आय से अधिक 142 करोड़ रुपये कमाए, नेशनल हेराल्ड केस की अगली सुनवाई जुलाई में होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ **दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में हुई चौथी सुनवाई, ईडी ने कहा: सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ केस बनता है**

**कांग्रेस नेता सोनिया** गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवम्बर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

### अमित मालवीय व अर्णब पर दर्ज कराई प्राथमिकी: युवा कांग्रेस

■ **प्राथमिकी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई**

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने कहा है कि संगठन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बदनाम करने और कांग्रेस पार्टी को तुर्की से जोड़ने की साजिश रचने के मामले में भाजपा नेता अमित मालवीय और पत्रकार अर्णब गोस्वामी के खिलाफ गैरजमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि संगठन के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और लीगल विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन रूपेश भदौरिया के निर्देश पर यह प्राथमिकी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई है। श्री चिब तथा श्री भदौरिया ने प्राथमिक की दर्ज होने के बाद कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने, अशांति फैलाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास लोकतंत्र पर सीधा हमला है और ऐसी स्थिति में युवा संगठन चुप नहीं रह सकता। इस प्राथमिकी से स्पष्ट संदेश है कि पार्टी या उसके नेतृत्व के खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने के किसी भी प्रयास का सख्त कानूनी और राजनीतिक जवाब दिया जाएगा। प्राथमिकी में दोनों पर फर्जी खबरें फैलाने, नफ़रत भड़काने और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं और यह रिपोर्ट फर्जी खबर फैलाने वालों के लिए चेतावनी है।

# मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के बीच होगी शुरू

■ **750 यात्री महादेव के धाम करेंगे दर्शन**

**नई दिल्ली।** पांच साल के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त के बीच उत्तराखंड और सिक्किम दोनों रास्तों से शुरू होने जा रही है और इसमें कुल 750 यात्री महादेव के धाम जा सकेंगे।

विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए विदेश और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बुधवार को यहां इस यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ आयोजित किया। लिपुलेख दर्रे से होकर जाने पर 22 दिन और नाथू ला दर्रे से होकर 21 दिन का समय लगेगा। लिपुलेख दर्रे के रास्ते से होने वाली यात्रा में इस वर्ष 50-50 यात्रियों के पांच बैच जाएंगे, जबकि नाथू ला दर्रे से होकर जाने वाली यात्रा में 10 बैच जाएंगे। दोनों मार्ग अब पूरी तरह से मोटर चलाने योग्य हैं। उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले यात्रियों को अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। लिपुलेख दर्रे तक सड़क बन गई है। उन्हें केवल सीमा पार करने के लिए करीब एक किलोमीटर ही चलना होगा। यात्रियों को एसएमएस और ईमेल संदेशों के माध्यम से उनके चयन के बारे में सूचित किया जाता है। यात्री अपने चयन की स्थिति की जांच करने के लिए यात्रा वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 011-23088133 पर भी जानकारी ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने बुकर पुरस्कार जीतने पर दी बानो मुश्ताक को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी सांसद शशि थरूर ने कन्नड़ लेखिका बानु मुश्ताक को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने पर बुधवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि लेखिका ने देश तथा कन्नड़ भाषा का नाम रोशन किया है। खड़गे ने कहा कि भारत को बानू मुश्ताक पर बहुत गर्व है, जिन्होंने लघु कथा संकलन - 'हार्ट लैंप' के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ लेखिका बनकर इतिहास रच दिया है। यह उल्लेखनीय साहित्यिक उपलब्धि है, जिसने कन्नड़ और भारत दोनों को वैश्विक स्तर पर सम्मानित किया है।

### करंट लगने से चार मरे, तीन गंभीर

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में पूजन समारोह की तैयारी के दौरान करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीपनार नरवर गांव निवासी सुरेन्द्र पंथी के यहां काशीदास पूजन के तैयारी के दौरान पांडाल बनाते समय हाई वोल्टेज लाइन से विद्युत तार से बांस के स्पर्श होने से सात लोग झुलस गये। सभी घायलों को मऊ स्थित फातिमा चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने छोटेलाल यादव (35), रविंद्र यादव (29), गोरख यादव (23) और अमन यादव (19) को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक पीपनार नरवर गांव के निवासी है।

### अपराध नियंत्रण पर भाजपा के सभी दावे झूठेः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराध नियंत्रण के भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं के साथ हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की नाकामी से महिला अपराध में यूपी नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूरः जवानों के पराक्रम को किया सलाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पुंछ जिले में सेना के जवानों के बीच पहुंच कर उनके शौर्य एवं पराक्रम को सलाम किया और कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने उनके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं। सिन्हा ने लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस व वीरता के लिए उन्हें सलाम। पुंछ में जवानों से बातचीत के दौरान मैंने उनकी अजेय शक्ति को याद किया, जिसने भारत के लिए निर्णायक जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने आपके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं।

# जय हिंद सभाओं में सरकार से पूछेंगे सवालः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी 24 से 31 मई तक देश के कई स्थानों पर जय हिंद सभाएं आयोजित करेगी, जिनमें पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना की बहादुरी को सलाम करके खुफिया तंत्र की विफलता को लेकर सरकार से सवाल पूछे जाएंगे।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि 24 से 31 मई तक लोगों के बीच जाकर 'जय हिंद' सभाएं आयोजित की जाएंगी। यह सभाएं दो चरणों में आयोजित होगी, जिसके पहले चरण में 16 शहर चुने गए हैं, जहां जय हिंद' सभाएं की जाएंगी। इन सभाओं के जरिये सैनिकों

■ **ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जवानों को करेंगे सलामः रोहित चौधरी**

की वीरता को नमन किया जाएगा। ये सभाएं राज्य और जिला स्तर पर होंगी, जिनमें हमारे सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। उन्होंने पहलगाम हमले को सुरक्षा की सबसे बड़ी विफलता और गृह मंत्रालय की नाकामी करार देते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि यह हमला कैसे हुआ और फिर भारत ने इसके खिलाफ कैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि करीब एक महीने से देश काफी मुश्किल दौर से गुजर रहा है, इसलिए कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है। इन सभाओं से संवाद स्थापित करके सरकार से सवाल पूछे जाएंगे कि पहलगांव में खुफिया तन्त्र विफल कैसे हुआ। अब तक आतंकवादी अब तक पकड़े क्यों नहीं गए और उन्हें पकड़ने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है। सवाल है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को अचानक क्यों रोका गया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कैसे दावा किया कि व्यापार के कारण उन्होंने संघर्ष विराम करवाया।

## मोदी ने सांसदों को विदेश जाने से पहले रोका हताशा में फिर किया शुरू : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता के जोश में पहले परंपराओं को बंद करते रहे, लेकिन जब छवि के धूमिल होने के संकट से घिरे तो फिर सांसद प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का सिलसिला शुरु कर दिया है। कांग्रेस ने कहा की विदेश में गहरे संपर्क स्थापित करने के लिए 1950 में ही सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मोदी ने सत्ता में आने के बाद जोश दिखाते हुए इस क्रम को बंद किया और अब हताशा में इस क्रम को फिर से शुरू करते हुए सांसदों को विदेश भेज रहे हैं। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 1950 के दशक से, विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर साल अक्टूबर और नवंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भेजा जाता था। मोदी ने 2014 से इस परंपरा को बंद कर दिया, लेकिन अब जब वे हताश हैं और उनकी छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो गई है, तो उन्हें अचानक सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों के बारे में सोचना पड़ा।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता



**80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से खम्भे और पेड़ उखड़े कई इलाकों की बिजली गुल**

दिल्ली- एनसीआर में बुधवार की शाम करीब 7 बजे से अचानक मौसम बदल गया। देर रात तक तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। कई इलाकों में 80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल भी गिर गए, जिसकी वजह से कई इलाकों में बिजली गुल गई। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी खबर है।

दिल्ली के अलावा पश्चिमी उप्र, मध्य प्रदेश समेत 30 राज्यों के कुछ इलाकों में आंधी-बारिश हो रही है। इनमें हरियाणा, असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाके शामिल हैं। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। साथ ही 60 ाउची की रफ्तार से हवा चल रही है। बीते 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 उउ से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में आज आरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। राज्य सरकार ने वाटरफाल, जंगल और ट्रैकिंग स्पाट पर एंट्री बैन कर दी है।

विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है। इंडिगो एयरलाइन ने कहा, श्भारी बारिश के चलते आज गोवा की फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीट वेव और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के लिए राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। हीट वेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।

# छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहतेः सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **कहाः जज वेकेशन में भी होते हैं, लेकिन पेंडिंग केसों के लिए न्यायपालिका पर ठीकरा फूटता है**

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम करना नहीं चाहते, लेकिन केसों के बढ़ते बोझ (बैकलॉग) के लिए जजों को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

दरअसल, सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। तब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 26 मई से 13 जुलाई तक अदालत आंशिक रूप से काम करती रहेगी। इस दौरान हर हफ्ते 2 से 5 बेंच बैठेंगी। खास बात यह है कि खुद सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के पांच जज छुट्टियों में भी केसों की सुनवाई करेंगे, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। पहले केवल दो वैकेशन बेंच होती थीं और सीनियर जज छुट्टियों में कोर्ट नहीं आते थे। छुट्टियों में भी सीजेआई गवई भी कोर्ट आएंगे 26 मई से एक जून तक सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर रजिस्ट्री बंद रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में 83 हजार केस पेंडिंग, अब तक की सबसे बड़ी संख्या देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में 82,831 केस पेंडिंग हैं। यह अब तक पेंडिंग केसों की सबसे बड़ी संख्या है। अकेले 27,604 पेंडिंग केस पिछले एक साल के अंदर दर्ज हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में 2024 में 38,995 नए केस दर्ज किए गए।

## संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएंः सीएम

# सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही**

■ **वर्तमान में 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही**

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और शिविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। हमें छात्रों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के बाद ही उनकी अनुमति दी जाए।

बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। अधिकारियों ने बैठक में ये भी जानकारी दी कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपए की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर ये पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपए तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचें, ये सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गम्र कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों और 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों को भरा जाए और जब तक रेगुलर नियुक्ति न हो तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि ये योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फालोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए।

## यूपी के मदरसों में अब मैथ, साइंस भी जरूरी

**योगी सरकार के मंत्री दानिश ने दी जानकारी**

**लखनऊ।** यूपी के मदरसों में अब बच्चे मैथ, साइंस और कम्प्यूटर की शिक्षा भी ग्रहण करेंगे। यह जानकारी योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि मदरसे में पढ़ने वाला बच्चा दीन और इस्लाम की बेहतर तालीम के साथ अन्य चीज भी जाने इसको लेकर हमारी कोशिश है, दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी हम उन्हें दें। इन तमाम विषयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कुछ दिनों पहले बैठक ली। उन्होंने कहा कि बेहतर करिकुलम के साथ अब मदरसे की शिक्षा को हम डिजाइन करने जा रहे हैं। दानिश ने कहा कि मदरसे में एनसीईआरटी के कोर्स को जोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि दीनी तालीम के साथ कहीं कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, पर उसके साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी जोड़ेंगे, स्पोर्ट्स एक्टिविटी को जोड़ेंगे। इसमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब डेवलप करेंगे। मदरसे में स्किल डेवलपमेंट सेंटर को बढ़ावा देंगे। मदरसे में कैरियर गाइडेंस के लिए करियर काउंसिल प्रोग्राम लगाएंगे। यहां पढ़ने वाली बच्चियों के लिए बेहतर भविष्य से कैसे उनको कनेक्ट किया जाए, इसको लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा की हम एक विशेष करिकुलम, एक नीति बनाने जा रहे हैं। सीएम ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मदरसा शिक्षा को बेहतर और बेहतरीन बनाना है।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 44,786.03 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 51,200.19 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2291 में तेजी जबकि 1685 में गिरावट रही, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2941 कंपनियों के शेयरों में से 1753 में लिवाली जबकि 1095 में बिकवाली हुई, वहीं 93 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.29, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.67, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 1.35, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.24, यूटिलिटीज 0.37, ऑटो 0.73, बैंकिंग 0.27, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 0.46, तेल एवं गैस 0.53, पावर 0.78, रियल्टी 1.58, टेक 0.81, सर्विसेज 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 81,327.61 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 81,327.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## बारामूला भारी मात्रा में जब्त प्रतिबंधित पदार्थ नष्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की बारामुला पुलिस ने बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में करोड़ों रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ और नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बारामुला ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 52ए के तहत भारी मात्रा में जब्त नशीली दवाओं और मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि उरी, क्रेरी, शीरी, बारामूला, बोनियार और पट्टन पुलिस स्टेशनों के 33 मामलों में जब्त प्रतिबंधित पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 1.270 किलोग्राम हेरोइन, 1.703 किलोग्राम चरस, 13 किलोग्राम पोस्ता भूसा, 20.121 किलोग्राम गांजा, अल्प्राजोलम 0.5 मिलीग्राम 340 गोलियां शामिल है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की गिरावट के साथ 3895 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट चढ़कर 50.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बानू मुश्ताक....**अनुभव के ताने-बाने में हर धागा मायने रखता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर हमें बांटने करने की कोशिश करती है, साहित्य उन खोई हुई पवित्र जगहों में से एक है, जहां हम एक-दूसरे के दिमाग में रह सकते हैं, भले ही कुछ पन्नों के लिए ही क्यों न हो। 5 किताबें, जो बुकर प्राइज की रेस में थी- ऑन द कैलकुलेशन ऑफ वॉल्यूम, लेखक- सोलवेज बैले, ट्रांसलेटर- डेनिश से बारबरा जे. हैवलैंड, स्मॉल बोट, लेखक- विंसेंट डेलेक्रोइक्स, ट्रांसलेटर- हेलेन स्टीवेंसन, अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, लेखक- हिरोमी कावाकॉमी, ट्रांसलेटर- आसा योनेडा, परफेक्शन, लेखक- व्हिन्सेन्जो लैट्रोनिको, ट्रांसलेटर- सोफी ह्यूजेस, ए लेपर्ड-स्किन हैट, लेखक- ऐनी सेरे, ट्रांसलेटर- मार्क हचिंसन। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। इससे पहले 2022 में भारत की राइटर गीतांजलि श्री ने उपन्यास टाम्ब ऑफ सैंड के लिए प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता था। टाम्ब ऑफ सैंड बुकर जीतने वाली हिंदी की पहली किताब थी। इसका अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। गीतांजलि श्री का उपन्यास हिंदी में 'रेत समाधि' नाम से पब्लिश हुआ था। गीतांजलि श्री का उपन्यास दुनिया की उन 13 पुस्तकों में शामिल था, जिन्हें पुरस्कार की लिस्ट में शामिल किया गया था। पुरस्कार की घोषणा 7 अप्रैल 2022 में लंदन बुक फेयर में की गई थी।

**छत्तीसगढ़ में ...** जवान घायल भी हुए है। घायल जवानों को तत्काल मेडिकल हेल्प प्रदान की गई है। घायल जवानों की स्थिति खतरें से बाहर है। बस्तर आईजी ने इस घटना में माओवादी संगठन के कई बड़े लीडरों के मारे जाने और घायल होने की भी आशंका जताई हैं। बताया गया कि अभी भी उक्त इलाके में जवानों के द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाघ तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। सूत्रों के अनुसार अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है।

## आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहींः रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आतंकवाद के कारण किसी एक व्यक्ति की भी जान गंवाना अब भारत को मंजूर नहीं है, इसलिए आतंकवाद हमारे लिए अब केवल वार्ता का विषय नहीं रह गया है। श्रीमती गुप्ता ने बुधवार को यहां तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि देश की सेवा, रक्षा और एकजुटता के लिए हमेशा हमारा खालसा पंथ आगे रहा है और आज यह तिरंगा यात्रा यही संदेश लेकर आया है कि देश का हर एक व्यक्ति इस मातृभूमि के लिए मर मिटने के लिए तैयार है और वह देश की सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश पर एक एक व्यक्ति सरहद पर खड़ा होने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ उचित निर्णय लिया है और विश्व के पटल पर भारत का संदेश जाना आवश्यक है कि भारत एकजुट और एकमत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहीं है। हमारे देश के एक भी व्यक्ति की जान आतंकवाद की वजह से यह हमारी सरकार मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे वीर जवानों की साहसिक गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रतीक है। यह भारतीय सेना की गौरवपूर्ण उपलब्धि हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है।

## यूपी में 14 आईएएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चार जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 14 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार को मौजूदा दायित्व के साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं बलिया के मौजूदा डीएम बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (शहरी) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी महाराजगंज अनुनय झा को हरदोई का नया डीएम बनाया गया है, जबकि अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संतोष कुमार शर्मा अब महाराजगंज के नए जिलाधिकारी होंगे। सिद्धार्थ नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और नगर आयुक्त अयोध्या के पद पर स्थानांतरित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ सिद्धार्थ नगर के पद पर तैनात किया गया है। संस्कृति विभाग में विशेष सचिव रविन्द्र कुमार-1 को कृषि विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम ज्ञानेन्द्र सिंह को डीएम पीलीभीत बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को संस्कृति विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अपूर्वा दुबे को निदेशक राज्य नगरीय विकास प्राधिकरण (सूडा) बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हाइवे पर कार की टक्कर से मां की मौत, बेटी घायल

### घटना के बाद भाग रहे चालक को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाइवे पार कर रहीं मां-बेटी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौत हो गयी जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने दौड़कर कार चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर में किसान मुन्ने खां का परिवार रहता है। उनके परिवार में 60 वर्षीय पत्नी राजदा के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। परिजनों के मुताबिक बुधवार को राजदा अपनी बेटी गुलेराना को साथ लेकर दवाई लेने मुरादाबाद गई थीं। दोपहर में दोनों मां-बेटी बस में सवार होकर चौधरपुर तक पहुंची। यहां बस से उतरकर घर की ओर जाने के लिए दोनों सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान मुरादाबाद दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मां- बेटी हवा में उछलकर दूर जाकर गिरी। हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ में शामिल लोगों ने घायल मां-बेटी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने राजदा को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल गुलेराना का उपचार चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जांच-पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि हादसा अंजाम देकर भागे कार के चालक को पकड़ लिया है। कार पर हिमांचल प्रदेश की नंबर प्लेट लगी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले में जांच की जा रही है। परि. जनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**नौगावां सादात।** नौगांवा विधानसभा में पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर में 'शौर्य तिरंगा यात्रा' निकाली गई। कारगिल युद्ध में शहीद अरविंद सिंह

**■ पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने किया शुभारंभ**

के चित्र पर पुष्प अर्पित करके यात्रा प्रारंभ हुई। यांत्रा यहां से प्रारंभ होकर अतरासी चौकी चौराहा के पास आनंदपुर सत्संग भवन रसूलपुर में समाप्त हुई। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने कहा कि, हमारी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के घर में घुसकर आंत. कवाद के अड्डों को समाप्त करने का काम किया है।। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। दुनिया यह समझ चुकी है कि आज



का भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने भी भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा की। यात्रा के दौरान तिरंगे लहराते रहे। इस मौके पर हेमसिंह आर्य, गिरीश त्यागी, पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, जिला मंत्री सुधीर चौहान, पूर्व महामंत्री युद्धवीर सिंह, राजीव चौधरी, आलोक चौहान, अमित शर्मा, रामनिवास गोला, भगवनत चौहान, पवनीत दिवाकर, सुरेंद्र सिंह स्टेट, रामचंद्र गुर्जर, धर्मेंद्र चौधरी, विनोद गुर्जर, गौरव प्रधान, महिपाल सिंह, डॉ. एलसी गहलौत, मनमोहन सिंह सेन, सुरजीत सिरोही, प्रमोद अलोना, प्रदीप वर्मा मौजूद रहे।

# चीनी मिल कर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

### परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चीनी मिल कर्मी ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर गर्वी में पेशे से किसान अनिल कुमार का परिवार रहता है। उनका 35 वर्षीय बेटा गौरव बीते पांच साल से संभल जिले की असमोली चीनी मिल में पाइपलाइन फीडर के पद पर नौकरी कर रहा था। उसके परिवार में पत्नी प्रीति के अलावा तीन बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि बीते कई दिन से गौरव का स्वास्थ्य काफी खराब चल रहा था लिहाजा उसने मिल से छुट्टी ले रखी थी। तबियत में सुधार होने पर गौरव बुधवार सुबह ड्यूटी के लिए चीनी मिल गया था लेकिन समय से पहले दोपहर में ही घर वापस लौट आया। चेहरे पर झलकी उदासी देख परिजनों ने जब इसका कारण पूछा तो उसने सिर्फ इतना ही कहा कि मैं अब जिंदा नहीं रहूंगा, ये बात कहकर गौरव सीधा अपने कमरे में चला गया और फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कोई आहट नहीं होने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो छत पर लगे कुंडे के सहारे गौरव का शव फंदे पर लटका मिला। नजारा देख परिजनों के होश उड़ गए। थोड़ी देर में घर में लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक गौरव के परिजनों ने चीनी मिल अधिकारियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर मौत बनकर गिरा विद्युत लाइन का तार

### पुलिस ने शव का पीएम करा परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** विद्युत लाइन का तार टूटकर युवक पर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



घटना रहरा थाना क्षेत्र के गांव लालपुर की है। गांव में सतपाल पुत्र लेखराज का परिवार रहता है। बताया जाता है कि इनके घर के आगे से विद्युत लाइन गुजर रही है। आज जब सतपाल घर से बाहर आया तो ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जिससे उसे जोर का करंट लगा तथा मौके पर ही सतपाल (28) की मौत हो गयी। मौत से घर में कोहराम मच गया। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ने अपने पीछे पत्नी प्रियंका देवी, एक लड़की व एक लड़का रोते बिलखते छोड़ा है। पीएम के लिए शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

# छात्र के खाते से उड़ाए 3.80 लाख रुपये

### टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट का दिया झांसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट की लुभावनी स्कीम का लिंक भेजकर छात्र के खाते से 3.80 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित छात्र की शिकायत पर मामले में साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजाब के जिला फरीदकोट निवासी गौरव जसूजा रजबपुर क्षेत्र में हाईवे स्थित वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी से पीजी की पढ़ाई कर रहा है तथा हॉस्टल में ही रहता है। बीती 27 जनवरी को गौरव जसूजा को टेलीग्राम आईडी पर एक लिंक मिला था। जिसमें इन्वेस्टमेंट से जुड़ी लुभावनी स्कीम का ऑफर था। गौरव साइबर अपराधियों की चाल को नहीं समझ पाया, लिंक पर क्लिक करते ही उसके खाते से 3.80 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। अगले ही मिनट बैंक से पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज मिलते ही गौरव के होश उड़ गए। तुरंत ही बैंक के टोल फ्री नंबर पर काल कर खाते से लेनदेन पर रोक लगवा दी और बाद में साइबर अपराध से जुड़े हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पैसे एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर हो चुके थे। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# दो किसानों के घर से लाखों की चोरी

### रिपोर्ट दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो किसानों के घर में घुसे चोरों ने नकदी-जेवरात समेत लाखों रुपये की कीमत का सामान समेट लिया। पीड़ित किसानों को चोरी की जानकारी अगले दिन सुबह में जागने पर हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना किया। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव पिलक सराय की है। यहां किसान यामीन खान का परिवार रहता है। सोमवार रात परिवार के सभी सदस्य आंगन में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हो गए। किसान के बेटे रशीद के कमरे में घुसकर सोने-चांदी की जेवरात और 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में रहने वाले किसान रवि कुमार के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां से सोने-चांदी के जेवरात समेत 10 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। दोनों परिवार के लोगों को घटना की जानकारी मंगलवार सुबह जागने पर हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जांच-पड़ताल कर चोरी हुए सामान की जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने जल्दी खुलासा करने की बात कही।

# चोर को तीन साल दस माह की सजा

### कोर्ट ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकानों में चोरी करने वाले संभल के युवक को अदालत ने तीन साल 10 महीने जेल की सजा सुनाई। दोषी कर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना साल 2021 की थी। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी सोनू कुमार की क्षेत्र में ही झकड़ी अड्डे पर पशु आहार और कृषि उपकरण की दुकान है जबकि गांव भटोला शर्की निवासी अमित कुमार यहीं पर मिनी बैंक चलाते हैं। इसके अलावा गांव मुबारकपुर कलां की रहने वाली संजना की कॉस्मेटिक की दुकान है। 15 जून 2021 की शाम में सभी रोजाना की तरह अपनी-अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब तीनों दुकान पर पहुंचे तो शटर टूटे हुए मिले। चोरों ने सोनू कुमार की दुकान से गैस सिलेंडर और ढाई हजार रुपये चोरी किए थे। वहीं, अमित कुमार की दुकान से पांच हजार रुपये तथा संजना की दुकान से दो हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी किया था। तीनों दुकानों में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बाद में पुलिस ने संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हिलाली सराय के रहने वाले रिजवान कुरैशी को गिरफ्तार कर चालान किया था। मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे में आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने रिजवान कुरैशी को दोषी करार दिया। तीन साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# बच्चों के मानसिक विकास के लिए समर कैम्प जरूरी

### अभिभावक कैम्प जरूर भेजे बच्चे:डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि बच्चों के मान. सिक व शारीरिक विकास के लिये समर कैम्प जरूरी है। अभिभावक अपने बच्चों को इन कैम्प में जरूर भेजे।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जोया ब्लाक के पचौकरा स्थित पीएम श्री विद्यालय में आयोजित समर कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की गतिविधियों पर नजर डाली। जबकि बच्चों ने योग क्रिया, कहानी,दौड़ आदि से सभी का दिल जीत लिया। योग क्रिया में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को डीएम ने स्टेशनरी भेंट की। जबकि आठ बच्चों की टोलियां बनाकर समूह में सभी एक्टिविटी कराई। डीएम ने कहा कि बच्चे प्रतिदिन समर कैम्प में आकर मन



लगाकर यहां होने वाली एक्टिविटी पर ध्यान दें। इससे उनमें सामाजिक कौशल का विकास होगा। जबकि खेल-खेल में सीखने की प्रवृत्ति विकसित होगी। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते कहा कि वह अपने बच्चों को समर कैम्प में जरूर भेजे। क्योंकि यह मानसिक व शारीरिक विकास के लिये काफी फायदेमंद है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने बच्चों को दूसरो का सम्मान करने की सीख दी।

# दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित

### पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज को लेकर विवा. हिता को ससुराल में प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सईदाबाद निवासी गौहर अली ने पांच साल पहले अपनी बेटी निशा की शादी संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी कासिम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में निशा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। इस दौरान निशा ने दो बच्चों को भी जन्म दिया।आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग मायके से बाइक व एक प्लाट दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। आखिर में मांग पूरी नहीं होते देख निशा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में पति कासिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# फोटोग्राफर पर फायर झोंका, चार पर रिपोर्ट

### एक आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फोटोग्राफर पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले उनके साथ मारपीट की और बाद में जान से मारने की नियत से गोली चला दी। गनीमत रही फोटोग्राफर बार-बार बच गए। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। बाद में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के बुढनपुर गांव में प्रेमशंकर का परिवार रहता है। पुलिस के मुताबिक प्रेमशंकर गांव के अड्डे पर फोटो स्टूडियो चलते हैं। 20 मई के शाम पांच बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहे थे। तभी भुवनेश्वर, नमन और बुढनपुर गांव के रहने वाले सचिन व अज्ञात युवक के साथ दुकान पर आए। यहां फोन चार्जिंग को लेकर मारपीट करने लगे। प्रेमशंकर ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोप है कि शाम को करीब आठ बजे प्रेम शंकर अपनी दुकान के बाहर खड़े थे, तभी आरोपियों ने ओवरब्रिज के ऊपर से जान से करने के लिए से गोली चला दी। इस हमले में प्रेम शंकर बार-बार बच गए। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि मामले में भुवनेश्वर, नमन, सचिन और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाद में आरोपी सचिन को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

## ट्रक से भिड़ी कार, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** कार व ट्रक की आमने सामने की टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

जानकारी के अनुसार संभल जनपद के अचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर निवासी कृष्ण कुमार गजरौला से बैलेनो कार लेकर घर लौट रहा था। ढक्का मोड़ के पास संभल की ओर से आ रहे ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी तथा चालक कृष्णपाल घायल हो गया। लोगों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे रैफर किया गया है। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में ले लिये हैं।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के साथ नोकझोंक

### ईओ ने आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका की टीम के साथ अभद्रता गाली गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में नगर पालिका प्रशासन ने थाने में तहरीर दी हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नाले नालियों की सफाई फुटपाथ पर हुए अतिक्रमण को हटाने को लेकर बुधवार को अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पालिका टीम के साथ अभद्रता की गई। इस मामले मे पालिका प्रशासन ने नगर पालिका टीम के साथ कुछ लोगो द्वारा अभद्रता करने सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में पुलिस को तहरीर दी है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस को दी तहरीर में बताया गया हैं कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर में नाले पर रखे स्लैब को हटाकर नाले व नालियों की साफ सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं। बुधवार को नगर पालिका के सरकारी कर्मचारियों द्वारा नाल नालियों की साफ सफाई वह फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा किए गए हैं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने का काम किया जा रहा था। आरोप हैं कि नगर पालिका की कार्यवाही के दौरान बाईपास रोड पर मोहल्ला कटरा वार्ड नौ व 15 में स्थित कुछ दुकानदारों मेरठ चिकन फ्राई, अल चिकन फ्राई, मदीना नाहरी सेंटर, कमल सैनी ढाबा, महक चिकन पॉइंट, पंकज ट्रेडर्स, उदय ट्रेडर्स, ओपी प्रिंटर्स प्रेस, अब्दुल करीम एण्ड सन्स, विशाल बैटरी हाउस, फुरकान पुत्र महबूब जूस कॉर्नर, इशरत अली महक चिकन प्वाइंट व कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा व नाला सफाई कर्मियों से गाली गलौज और अभद्रता की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया वह कोर्ट एवीडेंस में बाहर है मामला संज्ञान में नही है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## चित्रों के माध्यम से किया आतंकवाद पर कटाक्ष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** एएसएम मार्डन एकेडमी में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। कक्षा आठ की छात्राओं ने आतंकवाद विरोधी नारे, चित्रों व प्रतीक पट्टिकाओं से प्रदर्शन कर सभी को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक किया। प्रधानाचार्य आभा रस्तौगी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह द्वारा मनाने की सीख दी गयी थी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद हर साल आतंकवाद दिवस मनाया जाता है। उन्होने युवाओं का आह्वान करते कहा कि वह अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें। उन्होने कहा कि देश पर कभी आतंकवाद की छाया नहीं पड़नी चाहिए। संजीव कुमार एवं देवेन्द्र सिंह ने कहा कि मानवता को जीवित रखने के लिए आतंकवाद का खात्मा जरूरी है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट रविन्द्र कुमार, हुमा परवीन, विरेन्द्र कुमार, वेदपाल सिंह, आरती, गीता रस्तौगी आदि शामिल रहे।

## कुमरेश बने रहरा थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने कुमरेश त्यागी को रहरा का नया थानाध्यक्ष बनाया है। रहरा के थानाध्यक्ष सुक्रमपाल राणा का तबादला बिजनौर जिले के लिए हो गया है। लिहाजा बुधवार को एसपी ने उन्हें रहरा थाने से हटाते हुए रवानगी पुलिस लाइन कर दी। उनके स्थान पर समन सेल प्रभारी कुमरेश त्यागी को रहरा का नया थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं, टीएसआई धर्मेंद्र खोखर को हटा कर उनके स्थान पर मंडी धनौरा की कस्बा चौकी प्रभारी अनुज कुमार मलिक को टीएसआई की जिम्मेदारी दी है। जबकि धर्मेंद्र खोखर को समन सेल प्रभारी बनाया है हालांकि उनका तबादला भी बिजनौर जिले के लिए हो गया है।

# सामान खरीदते समय वस्तु की गुणवत्ता परखें

### भारतीय मानक ब्यूरो ने छात्रों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बुधवार को फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर लोहारा में भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद द्वारा छात्र-छात्राओं को उत्पाद खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया। कहा कोई भी उत्पाद या वस्तु बाजार से खरीदते तो आईएसआई चिन्ह देखकर ही वस्तु की गुणवत्ता पर भरोसा करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अधिकारी प्रियांशु कुमार ने बहुत ही गहनता से बच्चों को सुरक्षा उपाय और जांचने के बारे में समझाया बाद में एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जिसमें विज्ञान वर्ग के छात्रों को बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा कराई जिसमें लविश कुमार व तनु यादव प्रथम, सलोनी और खुशी शर्मा द्वितीय, कनक् खारी और खुशी यादव सामूहिक रूप से रहे तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवव्रत




यादव ने मुख्य अतिथि प्रियांशु कुमार को बुके देकर स्वागत किया एवं छात्र छात्राओं से उनके द्वारा बताए हुए सुरक्षा मानकों पर अपने परिवार जनों को जागरूक करने के लिए कहा।

# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

## स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता अर्जित कर स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। इस अवसर को यादगार बनाते हुए विद्यालय परिसर में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बुधवार को स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल प्रबंधन ने बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा दस के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी और प्रबंधक सोना अग्रवाल ने मेधावी छात्रों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर तुषार सारस्वत, दक्ष अग्रवाल, जशनदीप कौर, उनैजा नूर, आदित्य यादव, अयान हुसैन, आदर्श कुमार सिंह, स्पर्श त्यागी, आयुषी, मौलिक मांगलिक, निकुंज गहलोत, रुद्राक्ष त्यागी, शुभदीप सिंह, पलक शर्मा, मनु शर्मा, कृतिका कंबोज, नंदिनी भाटी आदि छात्रो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह एक प्रेरणास्पद वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि समस्त विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण भी बन गया। प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ष्हमें अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्रबंधक सोना अग्रवाल ने भी छात्रों को बधाई दी और छात्रों को उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए निरंतर सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मंडी धनौरा। स्कालर्स होम एकेडमी में मेधावियों को सम्मानित करते अतिथि।

# मकानों के ऊपर से हटाई जाए बिजली लाइन

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव में मकान के ऊपर से गुजर रही उच्च शक्ति विद्युत लाइन को हटाने की मांग करते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

तहसील क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी रईस के मकान के ऊपर से उच्च शक्ति विद्युत लाइन गुजर रही है। जिसके चलते कई बार जान एवं माल हानि हो चुकी है। पूर्व में भी विद्युत विभाग से विद्युत लाइन हटवाने की मांग की गई। लेकिन ग्रामीणों की कोई सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के बैनर तले ग्रामीण एसडीम कार्यालय पर एकत्र हुए और अपनी मांग का एक ज्ञापन एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंपकर समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में राहुल गुप्ता,डॉ हाशिम चौधरी, लोक.ेश चौहान, लवकुश कुमार, हरगोविंद सिंह एडवोकेट, अमरपाल चौहान, डॉ जमशेद चौधरी, साहिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# आठ दिन से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

## ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ की नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते आधा गांव अंधेरे में रह रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। चेता.वनी दी कि जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करने को वह मजबूर होंगे। बुधवार को नगर के गजरौला मार्ग जिला बिजली घर पर ग्राम आगापुर के ग्रामीण एकत्र हुए और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है की ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आधा गांव आठ दिन से अंधेरे में रह रहा है, विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण घर में रखे विद्युत उपकरण शो पीस बन गये हैं। वही ग्रामीणों के सामने पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कई बार विद्युत अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की गई लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसलिए मजबूर होकर उन्होंने आज बिजली घर पर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन करने वालों में नगमा,इरशाद, जुल्फिकार, गुलशन, शकीला, खातून, नसीमा, रुखसाना, महबूब, नवाब, रईश, शाहरुख, सद्दाम, शराफत सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पैदल गश्त कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

## लोगों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और लोगों में विश्वास बढ़ाने के लिए बुधवार सुबह पुलिस ने जगह-जगह पैदल गश्त किया। यह गश्त प्रोजेक्ट वॉक थ्रू अभियान के तहत की गई जो एडीजी जोन के निर्देश पर चलाया जा रहा है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में पुलिस टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की। आम नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं, उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी दी और उनकी आशंकाओं का समाधान भी किया। एसपी के मुताबिक प्रोजेक्ट वॉक-थ्रू का उद्देश्य जनता के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास की दीवार को और अधिक मजबूत करना तथा अपराधियों को ये संदेश देना है कि अमरो.हा पुलिस हर समय सजग एवं सतर्क है। एसपी ने बताया कि प्रोजेक्ट वॉक-थ्र के माध्यम से पुलिस की यह पहल न केवल अपराध नियंत्रण में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि सामाजिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित कर रही है।

# स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नायाब अब्बासी डिग्री कालेज में योगाभ्यास व प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय स्टाफ ने छात्र छात्राओं के साथ कालेज प्रांगण में प्रभात फेरी निकाली। प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा बीमारियां दूर होती हैं। जब मनुष्य स्वस्थ होगा तो उसके विचार भी अच्छे होंगे। चीफ प्राक्टर डा. महताब अमरोही ने कहा कि आज विश्वभर में योग का बोलबाला है। यही स्वास्थ्य जीवन का पहचान बन गया है। इस मौके पर डा. मुबारक अली, डा. रूचि अग्रवाल, जुनैद आलम, डा. फराज सिद्दीकी, डा0 सरीता रानी, डा. निकहत नगवी, तश्कील हैदर, मोहम्मद अजीम, अमन सागर, शिवानी आदि मौजूद रहे।

# बसपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बसपा जिलाध्यक्ष महेश गौतम ने कहा कि उन्हें पार्टी ने जो जिम्मेदारी है वह उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। उनका पहला मकसद संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करना है।

बम्बूगढ़ चौराहे पर स्थित महात्मा ज्योतिबाफूले की प्रतिमा पर बसपा जिलाध्यक्ष महेश गौतम ने माल्यार्पण किया। जिसके बाद योगेश सैनी के आवास पर उनका स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बोलते श्री गौतम ने कहा कि जिले में पार्टी को मजबूत करना उनका मकसद है। स्वागत करने वालों में रेवती सिंह, विजेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, विपिन कुमार, गौतम, अश्वनी, राजपाल सैनी, प्रवीण सैनी आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बच्चों में रचनात्मक गति.विधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर ब्लॉक क्षेत्र के चिन्हित परिषदीय विद्यालयों में दस जून तक आयोजित होने वाले समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कंपोजिट विद्यालय चौबारा में शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो ने फीता काटकर समर कैम्प का उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं को सराहा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता, ग्राम प्रधान भगवती देवी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉकाध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह, विपिन पंघाल, उमेश सिद्धू, लोकेश यादव, इंचार्ज अध्यापक अजय सिद्धू, गीता वर्मा, पूनम पाल, सावित्री, रेनु, राबिया मौजूद रहे। कंपोजिट विद्यालय बस्ती गजरौला में समर कैंप का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका रेखा रानी, भाजपा नेता विपिन सागर, सभासद पति देवेश शर्मा, शशिबाला, पंकज त्यागी , शीला वर्मा, आकांक्षा मिश्रा, मीना, दीपक कुमारी, नीतिका संगल, दीपिका रानी एवं देवेन्द्र कुमार मौजूद रहे। कंपोजिट विद्यालय मौहम्मदाबाद में ग्राम प्रधान रियासत अली ने फीता काटकर समर कैंप का उद्घाटन किया। इस मौके एआरपी नफीस अहमद, इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजीव कुमार, महेंद्र सिंह, अशरफी जहां, कृष्णपाल सिंह आदि मौजूद रहे। कंपोजिट विद्यालय सिहाली जागीर में ग्राम प्रधान इकराम चौधरी ने समर कैंप का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मिथिलेश कुमारी, देवेंद्र सिंह, पूजा रानी , शबाना सरोज,अफसर अली, भूरे अली एवं सिकंदर सिंह आदि मौजूद रहे। कंपोजिट विद्यालय टोकरा में ग्राम प्रधान रियासत ने समर कैंप का उदघाटन किया। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने समर कैंप के आयोजन से जुड़े बिंदुओं पर रोशनी डाली। इस मौके पर नीरज, मौ.आरिफ समेत विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

■ चौबारा में शिक्षक विधायक व बस्ती में चेयरपर्सन ने काटा फीता




# लेखपाल की मिलीभगत से तालाब पर अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जनपद की मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव हिरनाखेड़ी में लेखपाल की मिली भगत से तालाब पर अवैध कब्जे का आरोप लगाए। शिकायतकर्ता ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आप है कि पूर्व में भी सीएम पोर्टल पर शिकायत की गई लेकिन तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटा। गांव हिरनाखेड़ी निवासी नरेश का आरोप है कि गांव में तालाब गाटा संख्या 62 पर मोहिउद्दीनपुर लहरवार के ग्रामीण ने कब्जा कर रखा है तालाब मोहद्दीनपुर लहदवर की आबादी के पास है। इसकी शिकायत लेखपाल और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई लेकिन जांच लेखपाल ही करता है और उसी की मिली भगत से कब्जा हो रहा है। शिकायतकर्ता ने शिकायत कर लेखपालों की कमेटी बनाकर पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है

# अवैध मिट्टी खनन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव देहरा कादर बक्श में तालाब की भूमि से अवैध मिट्टी और बालू खनन करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवैध खनन रोके जाने की मांग की है। आप है कि गांव देहरा कदर पक्ष में एक तालाब भूमि है जो कि वर्तमान में सुख है जिससे आसपास के क्षेत्रवासी मिट्टी रेत और बालू का अवैध खनन कर रहे हैं जिससे इस तालाब के आसपास खेतों को भी भारी नुकसान होने की संभावना है। मांग की है कि तालाब की भूमि से हो रहा अवैध खनन रोका जाए। डीएम ने एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने किया तहसील का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष तथा इलाहाबाद हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान माबूद खां ने हसनपुर तहसील का दौरा किया। अधिवक्ताओं से संपर्क कर समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। बार काउंसिल के सदस्य इमरान माबूद खां ने अधिवक्ताओं को अधिवक्ता निधि के तहत लाभ प्राप्त करने तथा जिन सदस्यों पर प्रीमियम की राशि देय है। उनसे बकाया राशि जमा करने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल और अधिवक्ता कल्याण न्यासी समिति द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी अधिवक्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष चंद्र सैन अग्रवाल, महासचिव मदन कुमार राणा, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व ब्लॉक प्रमुख गंगा सरन खड़गवंशी व महावीर सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, सुनील भटनागर, वीर सिंह शिवचरन सिंह, विशाल शर्मा, इमरान आलम, शेर सिंह भड़ाना,वीर सिंह त्यागी, मोहम्मद नईम, संजय कुमार,नुसरत सैफी, मौ नवेद,अरुण अग्रवाल, नन्हे सिंह, मुकेश शर्मा, ब्रजकिशोर, समरपाल सिंह,ओमपाल सिंह, सतपाल सिंह,जितेंद्र आर्य आदि दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। ग्राम पंचायत सिहाली कटाई में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। वाहिद अली सैफी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने नवोदय विद्यालय की स्थापना, पंचायती राज की व्यवस्था, युवाओं को वोट की आयु 18 वर्ष करने का काम किया। कम्पयूटर क्रांति की शुरूआत की। इस मौके पर फैजान खान, जीशान खान, अमन खान, चंद्रपाल सिंह, महेश सिंह, मदन सिंह, साद खान, रामपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# नये आधार सैंटर खुलवाने की मांग

**हसनपुर**। सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव यूसुफ कुरैशी ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर आधार सेंटर चालू करने की मांग की है। उन्होंने कहा प्रदेश व देश की अधिकतर योजनाओं में आधार कार्ड छोटी-बड़ी सरकारी सहायताओं के लिए और सरकारी नौकरियों, सब्सिडी तथा स्कूल दाखिले आदि योजनाओं में आधार कार्ड अनिवार्य होता जा रहा है। आधार कार्ड ना होना या आधार में नाम गलत होने पर आधार कार्ड नया बनवाने तथा संशोधन कराने में जनता को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# शिक्षक संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री बने जयवीर



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ( संबंद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में गजरौला निवासी अमरोहा जनपद के जिला मंत्री को उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष विनय तिवारी व प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह ने को मनोनीत किया गया। सभी पदों पर सर्वसम्मति से ही मनोयन हुआ। इस उपलब्धि पर जयवीर सिंह ने कहा कि वे प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में शिक्षकों की समस्याओं के निवारण के लिये काम करेंगे और संगठन की नीतियों को शिक्षक वर्ग तक पहुंचाएंगे।

■ शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के प्रति करेंगे प्रयास

# तीन दिन के अंदर कब्जा मुक्त कराएं तालाब

## डीएम ने दिए एसडीएम को निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने एसडीएम व खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह टीम बनाकर तालाबों से अवैध कब्जा हटवायें। बगद नदी के किनारे वृक्षारोपण किया जाये।

कलेकट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बैठक लेते एसडीएम व खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्र में जिन तालाबों पर लोगों द्वारा अवैध कब्जे कर लिये गये हैं तीन दिन के अंदर उन्हें कब्जामुक्त करायें तथा एक सप्ताह के अंदर खुदाई का कार्य शुरू करा दें। बरसात से पहले उक्त काम हो जाने चाहिएं। डीएम ने तालाबों के किनारे सघन पौधारोपण कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि बगद नदी पर भी वृक्षारोपण कराया जाये तथा इस नदी की भूमि पर जहां भी कब्जा है उसे कब्जामुक्त करायें। चारागाह की भूमि उपलब्ध करादी गयी है वहां हरे चारे की बुवाई का काम समय से करें। लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम विरेन्द्र प्रताप, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# तेज व ठंडी हवा ने दिलाई गर्मी से राहत

## कई दिन से पड़ रही गर्मी से सभी बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सांय के समय चली तेज व ठंडी हवा ने लोगों को काफी हद तक गर्मी से राहत दी। बच्चों के साथ बड़ों ने घरों की छतों पर पहुंचकर इसका आनंद लिया।

माई माह में गर्मी अपने पूरे सितम पर है। हालत यह है कि दोपहर के समय गर्मी की मार ने सभी को बेहाल कर दिया है। जिस कारण हर तरफ सन्नाटा छाया रहता है। लोग घरों से बाहर निकलने से भी कतराते है। जो बाहर आते है वह भी पूरी सावधानी के साथ चेहरा व शरीर ढक कर। बाजार में भी सन्नाटा छाया रहता है। गर्मी से बचने के लिये तरह-तरह के इंतजाम किये जाते है। लेकिन राहत कहीं नहीं मिल रही है। बुधवार को सांय के समय अचानक हवा में तेजी आ गई। जिससे आम ठेकेदार सोच में पड़ गये क्योकि उन्हें आंधी का डर सता रहा था। लेकिन तेज हवा के कारण उन्हें राहत मिली। इस समय आंधी यदि आती है तो आम की फसल को भारी नुकसान होगा। बुधवार को तेज हवा के कारण कई दिन से चिलचिलाती गर्मी से लोगों को कुछ देर के लिये राहत मिली। वह घरों की छतों पर अपने बच्चों के साथ टहलते नजर आये। उन्होंने ठंडी हवा का जमकर लुत्फ उठाया। मई माह की गर्मी में पंखें भी गर्म हवा फेंक रहे है।

# आज नहीं मिलेगी बिजली

**रहरा**। विद्युत उपकेन्द्र पर कल (आज) सुबह 11 से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ विक्रम सिंह ने दी।

# मासूम के साथ कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दस वर्ष के मासूम बच्चे के साथ कुकर्म करके वीडियो बनाकर आरोपी ने वायरल करने की धमकी देकर पैसो की डिमांड की, मांग पूरी न होने पर वीडियो वायरल कर दिया। मासूम बच्चे के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार करके चालान किया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण के दस वर्षीय पुत्र के साथ एक युवक ने कुकर्म किया, इतना ही नहीं घटना का वीडियो भी बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की डिमांड की। मांग पूरी न होने पर वीडियो वायरल भी कर दिया। घटना की जानकारी होने पर बालक के पिता ने आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरा.पी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया और चालान करके कोर्ट में प्रस्तुत किया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनि.रीक्षक जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ आरक्षी अमित हुड्डा व आरक्षी अंकित कुमार शामिल रहे।

# मजदूर के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**गजरौला**। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मजदूर के साथ मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रशांत सिंह पुत्र शांति स्वरूप निवासी ग्राम दरियापुर खादर थाना गजरौला जिला अमरोहा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में यह आरोप है कि 23 फरवरी 2025 को वह शाम के समय ग्राम धौरिया विडला से मजदूरी करके साईकिल से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि उसके ही ग्राम के सुमित पुत्र संजय, बादल पुत्र गुड्डू, विवेक पुत्र महावीर, अंकित पुत्र इकबाल उर्फ चौबे, आकाश पुत्र लखपत, अजय पुत्र सुरेश तथा दीपांशु पुत्र धर्मवीर कार से आ रहे थे। उन्होंने कार को देखकर रास्ते से न हटने पर प्रशांत के साथ मारपीट करके लहुलुहान कर दिया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया।

# मृत्यु प्रमाण पत्र को एक माह से चक्कर काट रही विधवा

## प्रधान व वीडीओ पर परेशान करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत महेशरा निवासी विधवा महिला अपने पति की मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक महीने से ग्राम प्रधान और सचिव के चक्कर लगा रही है। गांव महेशरा निवासी पारुल रानी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती चार मार्च को उनके पति की मृत्यु हो गई। तब से लेकर विधवा महिला ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास चक्कर लगा रही है लेकिन महिला के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा। विधवा महिला का आरोप है कि ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी आवश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे जबकि महिला को प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। महिला ने जल्द प्रमाण पत्र दिलाने की मांग की है।

# चाकमार्ग की जगह पर कुछ दबंगों ने किया कब्जा

■ तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने बताया जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



**पंचू गोपाल, शाह टाइम्स**

**ओरछी।** चाकमार्ग की जगह पर कुछ दबंगों ने किया कब्जा ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने की मांग की। ग्राम पंचायत ओरछी में कुछ दबंग विकास कार्य में रोड़ा बन रहे हैं, आसफपुर ओरछी मार्ग के किनारे चकमार्ग संख्या 859 पर मनरेगा द्वारा मिट्टी कार्य का प्रस्ताव हुआ है । प्रस्तावित चकमार्ग पर शराब के ठेके के सामने कुछ दबंगों ने अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा है । अब अतिक्रमण कारी कब्जा नहीं हटा रहे हैं, जिसके चलते चकमार्ग पर मिट्टी कार्य नहीं हो पा रहा है, बीते शनिवार को ओरछी की ग्राम प्रधान रूकसाना ने दबंगों से चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराने की शिकायत उपजिलाधिकारी से की है । प्रधान पुत्र जीशान ने बताया कि सोमवार को राजस्व विभाग की टीम चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराने पहुंची तो दबंगों ने कब्जा हटाने से मना कर दिया। इस क्षेत्र में फैक्ट्रियां अधिक होने की वजह से जगह की कीमतों में अधिक बढ़ोतरी होने पर लोगों की निगाह टिकी रहती है खाली जगह पर कब्जा कर लेते हैं प्लाटिंग अन्य जनपदों से आकर करते हैं। हल्का लेखपाल दीपक भटनागर ने बताया सोमवार के दिन थाना फैजगंज बेहटा पुलिस के साथ टीम पहुंची थी मौके पर जाकर देखा तो अवैध रूप से दबंगों के कब्जा में सरकारी जगह है जगह खाली करने की बात कही तो दबंगों ने मना कर दिया उनके खिलाफ तहसीलदार के पास 122 वी रिपोर्ट लगा दी है।

# एसडीबी स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को मेहंदी व रंगोली सिखाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर प्रशिक्षण में कक्षा 5 व 6 की छात्र छात्राओ को मेहंदी व रंगोली सिखायी गयी। शिक्षिकाए गायत्री स्वाती व पूजा सिंह ने बच्चो को विभिन्न प्रकार की मेहंदी व रंगोली सिखाई। ब्राइडल मेहंदी, अरेबियन मेहंदी, वृक्ष, फूल, पत्तियाँ, संगीत वाद्ययंत्रो से सुसज्जित, देवी - देवता एव चांद तारो वाली अनेक डिजाइनस वाली मेहंदी के चित्रांकन व मेहंदी लगानी सिखाई गई। रंगोली में भी रंगो की, फूल पत्तियो की, चूने से, पिसे मसालो से, दाल चावल जैसे विभिन्न प्रकार की रंगोली सिखाई गई। जिन्हे बच्चों ने बड़ी ही रुचि लगन व परिश्रम से सिखा और इन प्रशिक्षण कक्षाओं का आनंद लिया। प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के अथक प्रयासों की सराहना की। एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बवेजा ने प्रत्येक शुभ अवसर पर मेहंदी व रंगोली के पारंपरिक रीति-रिवाज की महत्वता पर प्रकाश डाला।

वास्तव में यह प्रशिक्षण केवल शिक्षा ही नही देते, केवल छात्र-छात्राओं में रुचि ही नहीं जगाते अपितु अपने भारत देश की परंपरा एवं शादी विवाह, उत्सव एवं अनेक पर्वों के अवसर पर इनकी मांगलिक महत्वता भी दर्शाते हैं। एवं इनका ज्ञान भी कराते हैं राम, किंजल, सुमन, रेनू, आराध्या, शिवांग, वाणी, काव्या, नव्या शिवांगी अनुष्का, सपना, अपेक्षा, निकिता मिष्ठी, लाव्या, मोहिनी, अवनी, परिधि, परी, इति, राधिका, प्रिया, वृंदा, आस्था, पारुल आदि छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही। सभी छात्र-छात्राएं इन कक्षाओं का अत्यंत आनंद ले रहे हैं।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डहरपुर कला में समर कैंप का शानदार शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज , डहरपुर कलां ( बदायूं ) में समर कैंप के अंतर्गत प्रथम दिवस की विभिन्न गतिविधियों में प्रात: 8:00 बजे से 8:45 बजे तक हार्ड हार्टफुलनेस योग , श्वसन योग , ध्यान ,प्राणायाम सुबह 8:50 से 9:30 तक उसके बाद छात्र-छात्राओं को समूह में विभाजित कर स्वयं का परिचय देते हुए समूह का नामकरण और उन्होंने इसका यह नाम क्यों रखा उनके द्वारा यह भी समझाया गया तथा 9:30सुबह 10:00 बजे से लोकगीत माध्यम से उन्होंने अभिव्यक्ति की तरंगें भर दीं एवंसुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक मैं हूं लेखक के गति. विधि के अंतर्गत लघु नाटक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवंजीवन अनमोल है जैसे विषयों पर , लिखकर उसका मंचन किया गया एवं मनोरंजन परक गतिविधि में सुबह 10:30 से 11:30 तक रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सभी छात्राओं को सूक्ष्म जलपान कराया गयास सभी विद्यार्थी अत्यंत खुश और प्रसन्न थे ,और सभी ने एक गुणवत्तापूर्ण समय बिताया,दिन मौज-मस्ती और उल्लास से भरा था।

# संविलियन विद्यालय गंदरोली में समर कैम्प का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** संविलियन विद्यालय गंदरोली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप समझ, आनंदमयी एवं अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 मई से 15 जून तक चलने वाले 3 सप्ताह के समर कैम्प का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत सदस्य चमन व एसएमसी सदस्य यशवीर सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान शिक्षक प्रभाकर सक्सेना द्वारा विस्तार से उपस्थित सदस्यों व अभिभावकों को समर कैम्प के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने व कैम्प में संचालित नवींन गतिविधियों से बच्चों को लाभान्वित कराने का आवाहन किया। समर कैम्प के लिए विभागीय रूप से नियुक्त प्रशिक्षक मुनेंद्र पाल सिंह व विजय कुमार द्वारा उपस्थित लोगों को पूरे कार्यक्रम में आयोजित की जाने वाली प्रतिदिन की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए प्रथम दिवस योग व व्यायाम आधारित गतिविधि कराई गई। इस अवसर पर शिशुपाल, पवन, इंद्रपाल, सुरेंद्र के साथ-साथ अन्य ग्रामवासी व अभिभावक उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने बहेड़ी गाँव में लगाई महाचौपाल

■ राजीव गांधी के देश हित के कार्यों को याद कर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

## राजीव गांधी ने दलित उत्पीड़न विरोधी कानून बनाया: अजीत यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने बहेड़ी गाँव में महा चौपाल लगाई।कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के देश हित के कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चौपाल में बोलते हुए बदायूँ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने दलित उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए कानून बनाया । वोट डालने की उम्र इक्कीस वर्ष से हटाकर अठ्ठारह वर्ष कर युवाओं को अधिकार दिए। किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृज भूषण गुर्जर ने कहा कि राजीव गांधी भारत में कम्प्यूटर क्रांति के जनक थे। राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखने की दिशा में काम किया। कांग्रेस कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह और पीसीसी सदस्य बफाती मियाँ ने कहा कि यह राजीव गांधी ही थे जिन्होंने भारत में दूरसंचार क्रांति लाई.राजीव गांधी की पहल पर अगस्त 1984 में भारतीय दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सेंटर पार डिवेलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स(ब-क्व्ज)की स्थापना हुई। केकांग्रेस नेता राजीव पटेल और सलीम अंसारी ने कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था सबल नहीं होगी, तब तक निचले स्तर तक लोकतंत्र नहीं पहुंच सकता. उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायतीराज व्यवस्था का पूरा प्रस्ताव तैयार कराया. 21 मई 1991 को हुई हत्या के एक साल बाद राजीव गांधी की सोच को तब साकार किया गया, जब नरसिंहराव सरकार ने 1992 में 73 वें और 74 वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायतीराज व्यवस्था लागू की। अल्पसंख्यक कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष हाजी नुसरत अली व अनिल उपाध्याय ,अहमद अमजदी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भारत का एक महान स्वप्नदृष्टा आतंकवाद की भेंट चढ़ गया। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिहि लाल व उपासना चौहान , ममता देवी व सेवा दल जिलाध्यक्ष ओमेंद्र शंखधार ने कहा कि राजीव गांधी का बलिदान देशवासी कभी नहीं भूलेंगे। कांग्रेस के प्रांतीय आह्वान पर बदायूँ जनपद के गाँव लोढ़ा बहेड़ी में बुधवार 21मई को दोपहर 2 बजे महा चौपाल लगाई गई। और देश के सपूत पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गाँधी को श्रद्धांजलि दी गई। उनके कार्यो को याद किया गया।जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने की । जिला कांग्रेस कमेटी के नेतागण बफाती मियाँ ,बृज भूषण गुर्जर , सुनीता सिंह, अनिल उपाध्याय ,हाजी नुसरत अली , आलोक सिंह , अकरम खान , राजीव पटेल , उपासना चौहान , अशरफ गुलशन , सलीम अंसारी , अहमद अमजदी, अमन खान ,मुशाहिद सैफी , अवनेश यादव, अरशद खान , योगेश शर्मा ,ममता देवी ,नरेश पाल यादव , आमिर अल्वी ,हरिओम यादव , सहजादे सलीम ,सेवन कमाल ,मोरध्वज लोधी , शिव सिंह शाक्य ,बन्ने खान , नदीम उद्दीन ,रहीस फारूकी, इकरार , जाहिद अली , रिफाकत भाई, सोनपाल ,अफसर अली , सुरेंद्र मिश्रा , राजीव शर्मा ,वसीम अली , मारूफ गाजी , प्रधान पुलेंद्र सिंह ,विजय पाल , ओमेंद्र शंखधार , अमीर अल्वी , शिवम कुमार ,अनिल यादव , रामसेवक यादव ,संजीव यादव समेत दर्जनों कांग्रेस जन शामिल रहे।

# सुबह के समय टहलते समय महिला को विषैले सांप ने डंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बीते मंगलवार को तड़के ही बिसौली थाना क्षेत्र के गांव हरदासपुर की रहने वाली एक उम्र दराज महिला चंद्रवती पत्नी स्वर्गीय हेतराम को सुबह के समय टहलते वक्त विषैले सांप ने डंस लिया इस दौरान बदहवास स्थिति में महिला ने आप बीती अपने परिजनों को सुनाई जिससे परिवार में हड़कंप मच गया । बताया जा रहा है कि बदहवास स्थिति में महिला की मौत हो गई । मृतक महिला चंद्रवती के पुत्र कुंवर पाल पुत्र हेत. राम ने इस मामले की तहरीर बिसौली कोतवाली पुलिस को दी है । यह आकस्मिक घटना बिसौली थाना क्षेत्र के गांव हरदासपुर की बताई जा रही है ।

# बरेली -मथुरा हाइवे पर पलटी अनियंत्रित डबल डेकर बस चालक की मौत, तीन दर्जन से अधिक यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** बरेली से कासगंज की ओर जा रही डबल डेकर बस कोतवाली उझानी क्षेत्र में बरेली मथुरा हाइवे गांव दहेमू के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार तीन दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को उझानी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद राजकीय मेडीकल कालेज भेजा गया है जहां सात यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना पर जिलाधिकारी और एसएसपी ने मेडीकल कालेज पहुंच कर घायलों से बात की और डाक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। बरेली से यात्रियों को लेकर कासगंज की ओर जा रही तेज गति की डबल डेकर बस उझानी क्षेत्र में आधी रात के बाद बरेली मथुरा हाइवे पर गांव दहेमू की पुलिया के समीप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके परिणाम स्वरूप बस में सवार यात्री दब गए और उनमें चीत्कार मच गई। हादसे पर वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची गई और फिर बस में फंसे यात्रियों को निकालने का काम शुरू कर दिया। पुलिस ने 49 यात्रियों को बस से निकाल कर इलाज के लिए उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जहां पर सभी यात्रियों का प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडीकल कालेज रैफर कर दिया। सात यात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायल बरेली, पीलीभीत जनपद के रहने वाले हैं। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चालक के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। हादसे की सूचना पर रात में ही जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी डा.ब्रज. ेश सिंह पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर मेडीकल कालेज पहुंच कर घायलो से बातचीत की एवं ड्यूटी पर मौजूद डाक्टरों को घायलो के बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए।

हादसे पर बीएम हाइवे पर कई किलोमीटर का जाम लग गया जिसपर पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद बस को घटना स्थल से हटवाया तब कही जाकर यातायात सुचारू हो सका। इस सड़क हादसे में रुखसाना 25 पत्नी अनवर, अभयपुर देवरनिया बरेली, अरमान पुत्र अनवर, जुनैद 20 पुत्र जाकिर बाकर गंज बरेली, ईशा 25 पत्नी इकबाल अहमद देवरनिया बरेली, मोहिउद्दीन 25 पत्नी इकबाल देवरनिया बरेली, इरम 25 पत्नी जुनैद आजम नगर बरेली, अरमान पुत्र अनवर, अभयपुर देवरनिया बरेली, सिदरा पुत्री इकबाल देवरनिया बरेली, कृष्ण 30 पुत्र बाबू राम चौकमठ पुराना शाह बरेली, युविका राजपूत पुत्री मुकेश भोजगढ थाना अजीतगढ सीकर राजस्थान, मुकेश 39 पुत्र गो. कुल, सीकर राजस्थान, दीवान चंद पुत्र गोदी लाल, पुराना शहर बरेली, आमिद 45 पुत्र रमजानी पीलीभीत, आलम 30 पुत्र सुभाष नगर बरेली, मोहनिशा पुत्री अनवर हुसैन अभयपुर बरेली, आरजू 15 पुत्री अनवर हुसैन, फरहान 10 पुत्र अनवर हुसैन, दिलशाद पुत्र पीरबक्स गुलाबनगर बरेली, रिहान पुत्र दिलशाद, अफरोज पत्नी शाकिर, अलीगंज बरेली, फिसवा पुत्री नदीम अलीगंज बरेली, कादिर पुत्र अब्दुल शहीद जामा बाजार बहैडी बरेली, इसरार पुत्र इकरार जामा बाजार बरेली, राजू पुत्र हिमायत खां जामा बाजार बरेली, शाहरुख पुत्र नन्हे खान मोहपुर देवर. निया बरेली, शानू पुत्र इम्तियाज अहमद मोहपुर देवरनिनया बरेली, परवेज खान पुत्र नासिर खान फरीदपुर बरेली, मोर सिंह मौर्य पुत्र बाबूराम पुरा चौक बरेली, दीपक पुत्र भूप सिंह पुराचौक बरेली, अनीसवानों पत्नी मो अहमद जहानाबाद पीलीभीत, मो अहमद रमजानी, जहानाबाद पीली भीत, अमान पुत्र मो अहमद, मुंतजा पुत्री मो. अहमद जहानाबाद पीलीभीत, नेहा पुत्री आसिम खान, गुडिया पत्नी अलताफ रजा, चमन गंज नबाबगंज बरेली, नाजिया पत्नी जाहिद चमनगंज नबाबगंज बरेली, जोहरा पत्नी मुजम्मिल खां चमनगंज नबाबगंज बरेली, सेफखान पुत्र जाहिद खान चमनगंज नबाबगंज बरेली, मु दानिश पुत्र अनीस महेश. पुरा बरेली यात्रीगण लहूलुहान हुए हैं।

## जितेंद्र सिंह ने विकलांग बेसहारा बच्चों को विकलांग आश्रम में कराया भोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज- बुधवार को वजीरगंज के पुसग. वां रोड पर स्थित विकलांग आश्रम पहुँच कर वजीरगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने आश्रम का निरीक्षण किया। विकलांग बेसहारा बच्चों का हाल चाल जाना व बच्चों को भोजन कराया। वहीं गर्मी को देखते हुए बच्चों को लस्सी फल व मिठाई वितरित की। और कहा हमें दिव्यांग बच्चों की सेवा करना चाहिए नर सेवा नारायण सेवा है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा हम वृद्धा आश्रम के लिए भी कुछ सहयोग करेंगे। इस मौके पर आश्रम अध्यक्ष उनीश पाल सिंह व आश्रम प्रभारी ठाकुर सुनीरा सिंह गौर जिला पंचायत सदस्य बगरैन व समस्त आश्रम वासी मौजूद रहे।

# बिजली आउटसोर्स कर्मियों ने दूसरे दिन भी कार्य का किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अधीक्षण अभियंता कार्यालय विद्युत वितरण मंडल बदायूं के कार्यालय के समक्ष हटाए गए विद्युत संविदा कर्मचारियों ने पूर्व नोटिस के तहत दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया। यह कार्य बहिष्कार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन एवं इसके सहयोगी निगमों द्वारा अपने स्वयं के आदेश का उलंघन कर लगभग 45 प्रतिशत बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि छंटनी करने,55 वर्ष का हवाला देकर कर्मचारियों को कार्य से हटाने, कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने,वेतन भुगतान में भेदभाव करने,मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने,हटाए गए कर्मचारियों के बकाए वेतन का भुगतान न करने,ई पी एफ घोटाले कि जांच न कराने,घायल कर्मचारियों का कैशलैस इलाज न कराने आदि के कारण संघ द्वारा 15 मई 2025 को शक्ति भवन लखनऊ पर सत्याग्रह किया गया।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसको ध्यान में रखकर संगठन के प्रांतीय आह्वान पर 20 मई 2025 के ए पाली से 72 घंटे का कार्य बहिष्कार करने कि घोषणा की गई। 20 मई 2025 की ए पाली से कार्य बहिष्कार चालू हैं।बदायूं जनपद में लगभग 300 विद्युत संविदा कर्मचारी हटाए गए हैं जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोष व्याप्त है। अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर चल रहे कार्यक्रम में आज कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री अजीत सिंह यादव संविदा कर्मियों के न्याय पूर्ण संघर्ष के समर्थन में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार और विभाग प्रबंधन संविदा कर्मियों का शोषण उत्पीड़न कर रहा है। और संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी एक जनविरोधी कदम है। इससे पूरे प्रदेश में हजारों कर्मचारियों पर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। विभाग के निजीकरण और छंटनी को किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। आज भारतीय किसान यूनियन, टिकैत के पदाधिकारियों ने भी संविदा कर्मियों के छंटनी और अन्य मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। किसान नेता राजेश सक्सेना ने कहा कि छटनी के द्वारा कर्मचारियों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा। मजदूर किसान मिलकर इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे। निजीकरण ना सिर्फ कर्मचारियों बल्कि किसानों सहित आम उपभोक्ताओं के लिए भी घातक है। इसलिए सभी को निजीकरण का विरोध करना चाहिए। संघ के प्रदेश संगठन मंत्री हरीश चंद्र ने कहा कि हम संविदा कर्मियों का शोषण उत्पीड़न लंबे समय से किया जा रहा है। हम लोग इसके खिलाफ लो. कतांत्रिक तरीके से संघर्ष भी करते रहे हैं। लेकिन अब तो हमारी रोजी रोटी पर ही संकट खड़ा हो गया है। अपनी रोजी रोटी को बचाने की लड़ाई हम संविदा कर्मी पूरी जी जान से लड़ेंगे। इसीलिए हम लोग तपती दोपहरी में खुले आसमान के नीचे बैठे हैं और अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। जबकि मौसम विभाग द्वारा गर्मी में बाहर ना निकलने की चेतावनी दी जा रही है। इसके बाद भी हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया बिजली आउटसोर्स कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर शांतिपूर्ण तरीके से बैठे हैं। अनुशासित तरीके से अपनी बात रख रहे हैं।कार्य बहिष्कार का संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट बदायूं धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों से बात की यहां संघ पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उनको दिया। कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन के दौरान हर्षवर्धन, प्रेमपाल प्रजापति, राकेश कुमार सागर धीरेन्द्र कुमार सिंह, विपिन राठौर पवन पटेल,टीटू पटेल,अवध पटेल मुसब्बिर अली सिद्दीकी, जापान सिंह,डॉ सतीश,चरन सिंह यादव, प्रेमपाल सिंह,तेजेंद्र यादव आदि सैकड़ो की संख्या में विद्युत संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा ग्राम अल्हुआ में क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** ग्राम- अल्हुआ विधान सभा बिसौली में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश सचिव डॉ0 राकेश प्रजापति ने फीता काटकर किया । पहला मैच गांव बगरेन एवं सिसैया में खेला गया । दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश प्रजापति ने उपस्थित लोगों के बीच विचार रखते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन का महत्वपूर्ण अंग है इसलिए बच्चों को आउटडोर गेम भी खेलना चाहिए क्योंकि इससे शरीर स्वस्थ होता है और समायोजन क्षमता बढ़ती है और आईपीएल जैसे गेम आने से क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए अपार संभावना है इसलिए खेल को भी जीवन का एक अभिन्न अंग मानना चाहिए और कोई ना कोई खेल जरूर खेलना चाहिए। क्रिकेट कमेटी के सदस्य गुड्डू यादव अमन यादव शैलू यादव दिनेश यादव रिंकू शर्मा विजय यादव उ.प्र पुलिस यशवीर यादव अमित यादव देशपाल यादव सचिन यादव सुरेंद्र यादव पहलवान गिरीश यादव मोहित यादव डालसिंह यादव एवं समस्त ग्राम वासी मौजुद रहे।

# घर में नकब लगाकर अज्ञात चोरों ने की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव घौंसपुर निवासी महेंद्र पाल पुत्र केहरी लाल ने थाने ने पर तहरीर देते हुए बताया वह बीती रात घर पर नहीं था और उसके बच्चे घर पर अकेले थे बीती रात करीब 1:00 बजे अज्ञात चोर घर के पीछे से नकब लगाकर घर के अंदर घुसकर बक्से में रखें पीड़ित के पुत्रवधु दो जोड़ी कुंडल सोने के दो जोड़ी बेसर सोने की दो जोड़ी मंगलसूत्र चार अंगूठी सोने की एक जंजीर सोने की चार हाथ फूल चांदी के दो जोड़ी खाडुआ चांदी के दो जोड़ी खंडवा चांदी के दो जोड़ी पायल चांदी की घर में रखी दो बच्चों की कनदनी चांदी की शादी के कपड़े सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए सुबह को पीड़ित की पत्नी कन्यवती उठी तो उन्होंने कैमरा खोल कर देखा घर में रखा सारा सामान इधर-उधर पड़ा था यह देखकर पीड़ित की पत्नी के होश उड़ गए और उसने शोर शरावा कर दिया जिससे मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए और मामले की जानकारी बाहर गए उसके पति को दी पति घर पर पहुंचा और घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी पुलिस ने सूचना मिलने पर घटना का मौका मुआयना किया और मामले को जल्द खुलासा करने का आश्वासन पीड़ित को दिया। उक्त संबंध में थाना प्रभारी अशोक कुमार कंबोज ने बताया चोरी की घटना की तहरीर आई है मामले की जांच की जा रही है जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

## पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने मोहल्ला चाहमीर में सीसी सड़क का किया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष फात्मा रजा ने शहर के वार्ड संख्या 23 मोहल्ला चाहमीर में छह लाख 55 हजार 313 रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क व नाली निर्माण का ईट लगाकर विधि-विधान के साथ शिलान्यास किया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास की गंगा प्रवाहित की जा रही है। जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। नगर के प्रत्येक दरवाजे तक सीसी रोड पहुंचाने के लक्ष्य के साथ नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैं। कहा कि वार्ड संख्या 23 मोहल्ला चाहमीर में न्यू फैशन ब्यूटी सैलून से सचदेव भवन/ होली तिराहा तक सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य होगा। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका बोर्ड का संकल्प है कि नगर की कोई भी खराब सड़क नहीं रहने दी जाएगी। नगर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालिका बोर्ड और जनता के सहयोग से नगर को सर्वाधिक विकसित, स्वच्छ और सुन्दर नगर बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने नगरवासियों से सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर वार्ड सभासद ग्रीश शुक्ला,जलकल अभियन्ता सतीश कुमार, सफाई निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण जेई कृष्ण गोपाल चन्द्र, जेई अमन, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, महज बी, तमन्ना, प्रिया, सुगन्धा, नवीन कुमारी, नूर मोहम्मद, रवि शुक्ला, प्रमोद, प्रदीप, सौरभ पटेल आदि मौजूद रहे।

# एक नजर

## पारंपरिक कारीगरों को नि:शुल्क माटीकला टूल-किट वितरण हेतु ऑनलाइन करे आवेदन


**कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्र्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क माटीकला टूल-किट योजना के अर्न्तगत नि:शुल्क टूल्स किट्स वितरण योजना में जनपद-बदायॅू के प्रजापति समाज के परम्परागत कारीगर/स्वरोजगार में रूचि रखने वाले युवक व युवतियों को आधुनिक नि:शुल्क माटीकला इलैक्ट्रिनिक चॉक नि:शुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट https%@@upmatikalaboard-पद की ऑनलाइन सेवाओ के अर्न्तगत 'ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन' में आवेदन 15 जून 2025 तक सांय 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते है। आवेदको का चयन विभाग द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से किया जायेगा। जिसमें माटीकला कामगारो व परम्परागत कारीगरों एवं आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे, वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो। उन्होंने बताया कि प्रजापति समाज के आवेदक नि:शुल्क माटीकला विद्युत चलित चॉक प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन https%@@upmatikalaboard-पद पर जाकर जनसेवा केन्द्र या लोकवाणी केन्द्र से दिनॉक-15.06.2025 तक कर सकते हैं, ऑनलाइन आवेदन पत्र के डाउनलोड उपरान्त स्वाहस्ताक्षर प्रति मो0 शहवाजपुर पुरानी चुंगी बरेली रोड बदायॅू स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकते है।

## मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सोनू खान, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा बदायूं ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी ओर सेना के शौर्य को सलाम करने को लेकर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे तिरंगा यात्रा अभियान के तहत आज नगर में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया यात्रा नगर पंचायत से होती हुई नगर में घूमने के बाद वापिस नगर पंचायत कार्यालय पर समाप्त हुई



मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा में आसफपुर मंडल के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने भाग लिया तिरंगा यात्रा में जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ब्लॉक प्रमुख ओम किशन भी मौजूद रहे इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि हमारी भारतीय सेना ने मोदी जी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि भारत किसी कम नहीं है और भारतीय सेना देश के लिए हर मुसीबत से निपटने को तैयार हैं जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने भी सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की ब्लॉक प्रमुख ओम किशन ने भी भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि अब ये नया भारत है अब मोदी जी की अगुवाई में हमारी भारतीय सेना मजबूती के साथ खड़ी है चेयरमैन इसरार खान ने कहा कि भारत की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली अब ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता फौजी ने कहा कि हमारी सेना किसी भी दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है भाजपा नेता अजय पाराशरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार ओर सेना की बड़ी उपलब्धि है और दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया गया है इस मौके पर मंडल मीडिया प्रभारी कमिल खान ,शिवम् पाराशरी संजीव गुप्ता पिंटू वर्मा बृजलाल मौर्य हरीश मिश्रा उमेश गुप्ता हंस पाल मौर्य मंडल के आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा के पूर्व विधायक सुल्तान बेग की कार समेत 31 वाहन सीज

■ बरेली में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाकर 31 अनधिकृत वाहनों को सीज करने के बाद जब्त कर लिया। इनमें सपा के पूर्व विधायक सुल्तान बेग की कार के साथ ही अनधिकृत रूप से दौड़ रहीं 28 बसें भी शामिल हैं। पीलीभीत बाइपास पर एक कार बाजार में खड़ीं 150 कारों का चालान भी किया गया।

एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर मंगलवार को एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने सेटेलाइट बस अड्डा और चौपुला के आसपास वाहन चेकिंग की। पुलिस के मुताबिक, अभियान के दौरान विधायक लिखी कार दिखी। कार में कोई विधायक मौजूद नहीं था। पुलिस ने कार रोक कर चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि कार पूर्व सपा विधायक सुल्तान बेग की है। कागजात पूरे न होने पर कार को सीज कर दिया गया। इसके अलावा विभिन्न मार्गों पर दौड़ रहीं 28 अनधिकृत बसों को भी सीज कर जब्त कर लिया गया। ये बसें अनफिट थीं। इनमें कई की 15 साल मियाद भी पूरी हो चुकी है।

कुछ बसों के चालकों के पास कागजात भी नहीं थे। पीलीभीत बाइपास पर एक कार बाजार के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। यहां सैकड़ों कारें खड़ी कर अतिक्रमण किया गया था। पुलिस ने 150 कारों का चालान कर दिया।

## पड़ोसी ने जला दिए मेड़ पर लगे यूके लिप्टिस के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी ग्रामीण ने पड़ोसी खेत स्वामी पर अपने खेत में खड़े लिप्टिस के पेड़ जलाने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है।

ग्राम जाफरपुर निवासी भुल्लड़ ने बताया कि उनका ग्राम बुढ़ासी में एक खेत है। उक्त खेत में लिप्टिस के 550 पेड़ खड़े थे। आरोप है कि पड़ोसी खेत स्वामी त्रिवेणी ने अपने खेत की निरई में आग लगाई थी। निरई में आग लगाने से उनके खेत में खड़े लिप्टिस के पेड़ जल गए। पीड़ित ग्रामीण के शिकायत करने पर उक्त खेत स्वामी उन्हें मारने पीटने को लिपट गया व जान से मारने की धमकी भी दी थाने में लिखित तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इज्जतनगर में होता इज्जत का सौदा

■ बरेली के होटल में पुलिस का छापा
■ देह व्यापार के रैकेट का भंडाफोड़
■ तीन युवक और सात युवतियां गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार रात एक होटल में छापा मारकर देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया। होटल के कमरों से सात युवतियों और तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक मौके से देह व्यापार के 82500 रुपये और अश्लील सामग्री बरामद हुई है। पकड़ी गई युवतियां अलग-अलग शहरों की रहने वाली हैं।

इज्जतनगर के संजयनगर स्थित संभव होटल में देह व्यापार हो रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार रात होटल में छापा मारा तो खलबली मच गई। कमरों के दरवाजे खुलवाए तो पुलिसकर्मी दंग रह गए। पुलिस ने अलग-अलग कमरों से तीन युवकों और सात युवतियों को पकड़ लिया। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ करने पर युवतियों ने बताया कि वे सभी अलग-अलग शहरों की हैं। अपने परिवारों से अलग रहती हैं। रुपये कमाने के लालच व ऐशोआराम के लिए देह व्यापार का धंधा करती हैं। इज्जतनगर के छोटी विहार निवासी रेशमा इन सभी को इस होटल में वेश्यावृत्ति करने के लिए लेकर आई थी।

पूछताछ में यह भी पता चला है कि होटल की रिसेप्शनिस्ट ग्राहकों को महिलाएं उपलब्ध कराती है। इसके बदले में वेश्यावृत्ति से कमाए धन का आधा हिस्सा लेती है। होटल की मालिक महिला है। रैकेट में उसकी भी मिलीभगत है।

पूछताछ में युवतियों ने बताया कि मंगलवार को ग्राहकों को बुलाकर उनके साथ कमरों में भेजा गया था। पकड़ी गई युवतियों में पश्चिम बंगाल की तीन, एक-एक राजस्थान, झारखंड, लखनऊ व बदायूं की रहने वाली है। तीनों युवक बरेली के हैं। होटल मालिक और गिरोह की सरगना फरार हैं। इन दोनों की तलाश में पुलिस जुटी है।

### यहां स्पा के बहाने हो रहा था देह व्यापार

इज्जतनगर क्षेत्र में ही बिहार के निवासी दंपती स्पा के बहाने किराये के मकान में लंबे समय से देह व्यापार रैकेट चला रहे थे। यहां पुलिस ने 17 मई को छापा मारा था। मकान से दो युवकों व छह युवतियों को गिरफ्तार किया गया था।

### पॉश कॉलोनी में चल रहा था गंदा काम

पिछले महीने इज्जतनगर क्षेत्र के बन्नूवाल नगर में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अब इसी इलाके में यह दूसरा रैकेट पकड़ा गया है। क्षेत्र के एक सैलून में भी इसी तरह की गतिविधियां देखी गई थीं। पिछले साल पुलिस ने यहां छापा मारा था, लेकिन सेटिंग के चलते सैलून फिर संचालित होने लगा है।

## एक नजर

### सिंगतरा शिव मंदिर पर भागवत कथा के समापन पर हुआ यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंगतरा में स्थित शिव मंदिर पर 14 मई को विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा का कल समापन हो गया। कथा समापन के बाद आज प्रात: वृंदावन धाम से पधारे पंडित अभिषेक मिश्रा तथा गांव हिस्मा निवासी पंडित नरेश मिश्रा द्वारा वेद मन्त्रों द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी बड़ी संख्या में महिला पुरुष भक्त जनों ने यज्ञ में आहुति दी।

शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के सैकड़ों क्षेत्रीय भक्तजनों ने भी भोजन प्रसादी ग्रहण की। कथा आयोजक बाबा केशवदास महाराज द्वारा कथा व्यास स्वामी राजकमल दास सहित अयोध्या व्रन्दावन धाम नेपाल आदि जगहों से पधारे साधुजनों को फूलमाला पहनाकर तथा दक्षिणा देकर विदा किया।

### किशोरी सोने चांदी के जेवरात के साथ अपने प्रेमी के संग हुई फुर्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गुजरी रात सोने चांदी के आभूषणों के साथ रफू चक्कर हो गई। पिता ने इस मामले में पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय किशोरी सोमवार की रात करीब 1 बजे घर से सोने चांदी के जेवरात के साथ रफू चक्कर हो गई। उसके पिता ने थाना भुता के के गांव दौलतपुर के सूरज पाल पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पिता ने सूरज पाल के पिता और भाइयों को इसमें मदद करने का आरोप लगाते हुए सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पल्लेदार ने आढ़ती के भाई के मारी ईंट, सिर फूटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर बुधवार को खासा बखेड़ा खड़ा हो गया, एक पल्लेदार और आढ़ती के भाई के बीच हुए विवाद में चले ईंट पत्थर से एक का सिर फट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बुधवार को सब्जी मंडी में सुबह कामरान अपनी सब्जी की आढ़त पर अपने चचेरे भाई साजिद के साथ गया था, साजिद को देखते ही पल्लेदार संजय ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी, जब साजिद ने मना किया तो पल्लेदार ने ईंट पत्थर मारने शुरू कर दिए, जिससे साजिद का सिर फट गया। व्यापारी नेता और सभासद आशीष गुप्ता, इकबाल डिपो और आढ़ती नदीम अशर्फी के साथ लहूलुहान होकर कोतवाली पहुंचे साजिद ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। जिसपर पुलिस ने घायल के मेडिकल परीक्षण कराए जाने के साथ आरोपी पल्लेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### उधार के पैसे मांगने पर घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** उधार के पैसे मांगने पर दबंग ने मारपीट करके घर के ऊपर पड़ा छप्पर तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी नूरजहां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मेरे पति ताहिर अली ने अपने मोहल्ले के लईक पुत्र निजाकत अली को 25 हजार रुपये उधार दिये थे। आठ महीने बाद उधार के रूपये बापस मांगने पर आज कल कहकर टाल मटोल करने लगे। मंगलवार को उसने रूपये देने से इनकार कर दिया। जिसको लेकर दोनो पक्षों में पहले कहासुनी व गाली गलौज हो गई।विरोध करने पर आरोपी निजाकत अपने बेटे नाजिम, आजिम, पुनजी, वाजिद के साथ घर में घुसकर मारपीट कर दी। और घर के ऊपर मौजूद छप्पर को तोड़ दिया।पीड़ित के पति ताहिर व बेटी शानिया बेटा कशिस, अरमान के चोटे आई है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया।

### शराबी पति ने पत्नी को पीटा पत्नी ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घटना थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव नवदिया मोतीराम की है। गांव का हरीश गंगवार शराब पीने का आदी है, आरोप है कि शराब के नशे में धुत होकर उसने अपनी पत्नी पुष्पा गंगवार की कई घंटों तक गंदी गन्दी गलियां दी और पिटाई की, जिससे उसके कई जगह चोटें आईं।

आरोप है कि हरीश गंगवार आए दिन अपनी पत्नी को जान से मारने और घर से निकालने की धमकी देता रहता है। पत्नी पुष्पा गंगवार की तहरीर पर क्योलड़िया पुलिस ने पति हरीश गंगवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सफाई कर्मी के साथ मारपीट, चार नामजद समेत कई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नगर निगम के सफाई कर्मी पंकज कुमार ने थाना सुभाषनगर में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि सोमवार की सुबह अपने साथी विक्की बाल्मीकि के साथ वार्ड के मोहल्ला प्रजापति कॉलोनी में सफाई कर रहे थे। मोहल्ले के कई लोग वहां आए। कीचड़ घर के सामने निकालने को मना कर गाली गलौंच करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। विक्की को जान से मारने की नीयत से मारपीट शुरू कर दी। तमंचे की वट से सिर पर वार किया। पुलिस ने तहरीर पर चार नामजद और बाकी अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## बार के चुनाव में पहले दिन दाखिल हुए 20 नामांकन पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी के 30 मई को होने वाले चुनाव में बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए, पहले दिन संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव पद सहित 20 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

चुनाव अधिकारी सुधाकर लाल रस्तोगी, सचिव दुष्यंत गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक संरक्षक पद के लिए पूर्व अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी, अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, रमेश आर्य, सचिव पद के लिए पुष्पपाल सिंह, चंद्र शेखर और फूल कुमार शर्मा, सह सचिव पद पर मुनीश कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए हरेंद्र कुमार, कृष्ण पाल, वीरेन्द्र पटेल, ओमेंद्र आर्य और गोपाल बहादुर गंगवार के साथ ही बेबी, संतोष कुमारी, प्रेम प्रकाश, बांके लाल, प्रमोद कुमार, सुशील कुमार शुक्ला और गजेन्द्र ने कार्यकारिणी सदस्य के लिए अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी ने बताया कि नामांकन आज गुरुवार 22 मई को भी दाखिल होंगे। नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के बाद आज कई प्रत्याशियों ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ ही दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओ को भी सूक्ष्म जलपान कराया।

# जमीन बेचने का झांसा देकर हड़पे 4.35 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में एक जमीन का 5.50 करोड़ रुपये में फर्जी सौदा कर युवक से 4.35 लाख रुपये हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। युवक ने मामले की शिकायत एसपी सिटी मानुष पारीक से की। एसपी सिटी के आदेश पर थाना कैंट पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहनपुर, नकटिया निवासी सलमान हुसैन ने बताया कि उसकी जान पहचान ठिरिया निजावत खां निवासी शमशेर खान, उसके भाई इलियास, इसरार, इदरीश, हलीमा, उसके पति अब्दुल कादिर, नायाब, मैनाज और राबिया से थी। आरोपियों ने खुद को 5.50 करोड़ रुपये मूल्य की एक जमीन का मालिक बताते हुए सौदा किया। उन्होंने तीन लाख रुपये बयाना के तौर पर दिए।

इसके बाद आरोपियों पर किसी पुराने मुकदमे में फंसने की बात कहकर 1.35 लाख रुपये और ले लिए।

जमीन की दो साल में रजिस्ट्री कराने का समय दिया लेकिन, इसी बीच उस जमीन को लेकर बारादरी थाने में एक रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसके बाद पता चला कि वह जमीन किसी और की है। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी गई। सलमान ने एसपी सिटी से शिकायत की।

एसपी सिटी ने प्राथमिक जांच कराई और जांच में शिकायत सही पाई जाने पर कैंट थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

## अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के दो अलग - अलग स्थानों से अज्ञात चोर दो बाइक चोर चुरा ले गए।

ग्राम खिरनी थाना बहेड़ी निवासी लेखपाल बाइक द्वारा ग्राम मानपुर में अपनी रिश्तेदारी में आए थे।

दरवाजे के बाहर बाइक खड़ी करके वह घर के अंदर चले गए वापस आने पर उन्हें अपनी बाइक नहीं मिली। दूसरी बाइक चोरी की घटना ग्राम जियानगला की है। ग्राम जियानगला में एक शादी में शामिल होने आए थाना मीरगंज के ग्राम सिरोदी अंगदपुर निवासी मुनीश कुमार ने अपनी बाइक शादी में लगे पंडाल के बाहर खड़ी की थी।

खाना खाकर पंडाल से बाहर आने पर उन्हें अपनी बाइक गायब मिली।दोनों बाइक स्वामियों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया है।

# प्री मानसून में पानी की गुणवत्ता की कराएं जांच: प्रबंध निदेशक

■ बरेली-मुरादाबाद मण्डल में जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम की समीक्षा की
■ समस्त निर्माण कार्यों की डीपीआर 31 मई तक देने के दिए निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रबन्ध निदेशक नमामि गंगे तथा जल निगम (ग्रामीण) डॉ0 राजशेखर की अध्यक्षता में आज बरेली/मुरादाबाद मण्डल में जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त बरेली मण्डल बरेली सौम्या अग्रवाल व जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में समस्त संबंधित अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्य की प्रगति व क्षेत्र में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी।

बैठक में अधीक्षण अभियंता मुरादाबाद/बरेली मण्डल ने अवगत कराया कि अधिकांश परियोजनाएं पूर्णत: की ओर हैं, रोड रेस्ट्रोरेशन का कार्य कराया जा रहा है तथा मेंटिनेंस का कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि जहां-जहां एमडीआर व ओडीआर की सड़कों की कटिंग की गयी है उसकी रेस्ट्रोरेशन अनिवार्य रुप से करा दी जाए, उसके कारण दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बनी रहती है। बैठक में जिलाधिकारी बरेली ने अवगत कराया कि जनपद में ओवर हैड टैंक निर्माण के कार्य की गति धीमी है, जिसके लिए मैन पॉवर बढ़ाने की सलाह दी गयी है, जिसपर प्रबन्ध निदेशक ने अगले दो सप्ताह में मैन पॉवर बढ़ाते हुए कार्य को तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि कुछ समय पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी बैठक में रोड रेस्ट्रोरेशन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। आगामी समय में बरसात का मौसम होगा और यदि रोड के रेस्ट्रोरेशन न होने के कारण कोई दुर्घटना हुई तो कम्पनी के सम्बंधितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

प्रबन्ध निदेशक ने उन परियोजनाओं की जानकारी ली जहां अभी तक ओवर हैड टैंक निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिसपर अवगत कराया गया कि जनपद बरेली में दो स्थानों पर ओवर हैड टैंक का कार्य आरम्भ नहीं पाया है। एक में भूमि की उपलब्धता नहीं है व दूसरे में चिन्हित भूमि बाढ़ एरिया में आ गयी है, इसलिए दूसरी भूमि देखी जा रही है, चिन्हांकन के बाद कार्य कराया जाएगा। बताया गया कि जनपद बदायूं में एक स्थान पर ओवर हैड टैंक निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, चिन्हित स्थान पर हाईकोर्ट स्टे आ गया है, अन्यत्र जगह चिन्हित करनी पड़ेगी। इसी प्रकार अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत में एक स्थान पर ओवर हैड टैंक निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ है, क्योंकि चिन्हित भूमि वन विभाग के एरिया में है, जिसकी एनओसी के लिए पत्र भेजा गया है। जनपद शाहजहांपुर में भी दो स्थानों पर ओवर हैड टैंक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है क्योंकि एक भूमि आर्मी एरिया के निकट है अत: आर्मी द्वारा कार्य रुकवा दिया गया है। दूसरी भूमि पर नगर निगम ने बताया कि यह उनकी जमीन है वह अन्य किसी कार्य के लिए प्रस्तावित है।

मुरादाबाद मण्डल की टीपीआई से कार्य के बारे में जानकारी ली गयी, जिसपर बताया गया कि मण्डल में कुल 05 जनपद हैं तथा 05 एजेंसियां कार्य कर रही हैं। समय-समय पर कार्य का निरीक्षण किया जाता है और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर पुन: कार्य करवाया जाता है। बैठक में निर्देश दिए गए कि 31 मई तक प्रत्येक जगह कार्य शुरू करा दिए जाएं तथा 24 व 25 मई को प्रत्येक जनपद में निरीक्षण हेतु आने वाले नोडल अधिकारी के निरीक्षण के दौरान यदि कोई कमी पायी जाती है तो कार्यदायी एजेंसी के भुगतान में कटौती की जाएगी। इसके साथ ही जिस-जिस जनपद में केन्द्र से नोडल अधिकारी आ रहे हैं उन्हें भी भली प्रकार परियोजना की विजिट करायी जाए। निर्देश दिए गए कि पानी कई-कई दिन तक नहीं आ रहा है या गंदा पानी आ रहा है, ऐसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए, जितने घरों में कनेक्शन दिए गए हैं उनमें पानी आपूर्ति होनी चाहिए। प्री मानसून में पानी की गुणवत्ता की जांच भी करा ली जाए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों को परियोजनाओं की फील्ड विजिट अनिवार्य रुप से कराई जाए, जनप्रतिनिधियों के यहां से जो भी शिकायतें प्राप्त हों उनका भी निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। विशेष रूप से दिशा की बैठक में कोई बिन्दु आये तो उसका भी निस्तारण करें। जनप्रतिनिधियों द्वारा परियोजनाओं की फील्ड विजिट की फोटो/वीडियो पोर्टल पर अपलोड अवश्य कराएं। बैठक में निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जितने विजिट हो चुके हैं उनकी निरीक्षण आख्या यदि नहीं जारी की गयी है तो अगले दिन में जारी की जाए।

बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि लोगों को जागरूक किया जाए कि इस पानी को लोग पीने व खाना बनाने में उपयोग करें, यह उच्च गुणवत्ता का पानी है। इसमें पशुओं नहलाने आदि का कार्य ना करें और पानी को वेस्ट न करें। बैठक में निर्देश दिए गए कि समस्त एजेंसी ऐसे स्थानों पर जहां पुराने पम्प ठीक प्रकार से कार्य कर रहे हैं उन्हें टेक ओवर करें, ऐसी परियोजनाएं जो आंशिक रुप से सक्रिय हैं उन्हें पूर्ण रूप से सक्रिय किये जाने हेतु कार्य योजना में व डीपीआर तथा ऐसी पुरानी परियोजनाएं जो पूरी तरह नॉन फंक्शनल है उनकी डीपीआर बनाकर 31 मई तक हर हाल में उपलब्ध करायी जाए।

बैठक में अधीक्षण अभियंता जल निगम मुरादाबाद ने एसटीपी के कार्य में एजेंसी द्वारा सुस्ती दिखाये जाने की शिकायत की, जिसपर निर्देश दिए गए कि इस बैठक का हवाला देते हुए एजेंसी को नोटिस जारी किया जाए।

# नक्शा नहीं हाने पर तीन अवैध कालोनियां ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सुभाषनगर क्षेत्र में करीब बीस बीघा क्षेत्रफल में बन रहीं तीन अवैध कॉलोनियों काबीडीए ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। सात कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। टीम को देखकर कॉलोनाइजर मौके से खिसक गए।

बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि इटौवा सुखदेवपुर मंदिर के पास सुरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह करीब पांच बीघा क्षेत्रफल में बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस, भूखंड का निर्माण करा रहे थे।

यहीं पर ब्रह्म सिंह, सुशीला प्रधान, आशीष सक्सेना भी पांच बीघा क्षेत्रफल में बिना अनुमति के अवैध तरीके से कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। इसके अलावा गांव करेली के पीछे बदायूं रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास अकरम 10 बीघा क्षेत्रफल में बिना बीडीए की स्वीकृति के निर्माण करा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर टीम गठित करते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।

अवर अभियंता अजीत साहनी, सीताराम, बौद्धमणि गौतम, सहायक अभियंता रमन कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने प्रवर्तन टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।



# कोतवाली में दलालों की नो इंट्री

■ पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता: हरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** कोतवाली शीशगढ़ में तैनात किए गए प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने आज बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपने स्टाफ की बैठक करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए साफ कहा कि कोतवाली में दलालों के लिए कोई जगह नहीं है। पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। फरियादी बिना किसी रोकटोक के सीधे उनसे संपर्क करें, हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों की अब खैर नहीं है अपराधी या तो अपराध करना छोड़ दें या फिर क्षेत्र बदलकर कही और चलें जाए।

ईमानदार ,खुश मिजाज सरल स्वभाव प्रवृति के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि हम कानून का पालन करने वालों व पुलिस का सहयोग करने वालों का सम्मान करते है, लेकिन अपराधियों को शरण देने वाले अपराधिक कार्य में लिप्त रहने व दलाली करने बालों केलिए कोई जगह नहीं है। पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना भी हमारी प्राथमिकता है। स्टाफ की बैठक करने के बाद उन्होंने पत्रकारों के साथ एक बैठक करके सबका परिचय जाना।

साफ कहा कि सबको अपना-अपना काम ईमानदारी के साथ करना चाहिए। कार्य के प्रति लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पत्रकार व पुलिस एक दूसरे के सहयोगी होते है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस से आम लोगों को कोई नुकसान न हो इसके लिए उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों का चालान कस्बे की सीमा के बाहर किया जाए तथा यातायात के नियमों का कढ़ाई से पालन कराया जाए।

# सिंचाई विभाग के 17 पद समाप्त करने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 17 पदों को समाप्त किए जाने के निर्णय का सिंचाई संघ के पदाधिकारियों व लोगों ने विरोध किया है। सभी ने हाथों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन भी किया। सिंचाई संघ के अध्यक्ष अहिवरन सिंह गौतम ने बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के बड़ी संख्या में अनेको उपयोगी पदों को अनुपयोगी बताते हुए समाप्त किए जाने का निर्णय लिया जा रहा है। जो कर्मचारी व किसान विरोधी निर्णय है।

कुल 17 पद जिसमें सींचपाल, नलकूप चालक, मुंशी, मिस्त्रीकम, ड्राइवर व अन्य उपयोगी पदों को मृत घोषित करने के विरोध में सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश की स्थानीय शाखा रुहेलखंड नहरखंड बरेली व मुंशी संघ आदि के पदाधिकारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कल भी जारी रहेगा। मुख्य रूप से यशवंत राव, सईद अब्बास जैदी, जितेंद्र कुमार, अजयपाल, कपिल गंगवार, रामऔतार, मनोज, महेंद्र पाल, सत्यपाल, कमलेश, ललित मिश्रा आदि रहे।

# कौशिक विजडम प्रीस्कूल में समर कैंप का शुभारंभ



## बच्चों ने पहले दिन सीखें थ्रेड पेंटिंग, क्ले मोल्डिंग एवं डांस

**पीलीभीत।** कौशिक विजडम प्रीस्कूल में मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने फीता काटकर पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षिकाएं रितिका गंगवार एवं एवं असलेना परवीन ने ग्रुप ए के बच्चों को क्ले मोल्डिंग सिखाई। शिक्षिकाएं फेरी अंसारी एवं चारू सिंह ने ग्रुप बी के बच्चों को क्ले मोल्डिंग सिखाई। उसके बाद डांस टीचर साक्षी वर्मा ने बच्चों को डांस सिखाया इसी के साथ–साथ बच्चों ने थ्रेड पेंटिंग भी सीखी। समर कैंप में वेदांत वर्मा, आरना, अक्शा, करीमा, उस्मान, वेदांत चावला, ओजस अग्रवाल, मोहम्मद आमिर, भूविका कौशिक, वर्णिका बालियान, अभिराग सहगल, इज़ान शम्सी, लक्ष्य, रुद्रांश शर्मा, आरोही अरोड़ा, तृषिका शर्मा, अभिराग बाजपेई, वर्णित गौर, रितिका गंग. वार, शिवाय सिंह राठौर, प्रथम वर्मा आदि नन्हे मुन्ने बच्चों ने समर कैम्प में प्रतिभा किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने कहा इस तरीके की एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसीलिए विद्यालय समय–समय पर इस तरीके की को करिकुलर एक्टिविटीज को एकेडमिक्स के साथ–साथ आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने अपने स्कूल के सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा की कौशिक विजडम फ्री स्कूल में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हमारा प्रत्येक टीचर बखूबी निभा रहा है और हमारा विश्वास है की आने वाले समय में हमारे स्कूल के बच्चे समाज के लिए एक सशक्त, समझदार एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर उभरेंगे।

## पॉक्सो एक्ट में युवक को 10 साल की सजा

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पीलीभीत पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना/अभियोजन की पैरवी से न्यायालय द्वारा धारा 363,376,366 आईपीसल व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अभियोग में अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास व चालीस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई और अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। अपराध व अपरा. धियों पर अंकुश लगाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान के क्रम में 28/9/2017 की घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर धारा 363,376,366 प्च्छ व 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य एवं सुबूत के साथ अभियुक्त फरमान पुत्र फैय्याज नि० खानपुर थाना गंगोह जनपद साहरनपुर के विरुद्ध दिनांक 25/12/2017 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय स्पे० पॉक्सो एक्ट, पीलीभीत में पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी से विचारण की कार्यवाही संपन्न हुई और विचारण के दौरान पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में उपलब्ध कराए गए साक्ष्य एवं सुबूत के आधार पर 21 मई को अभियुक्त फरमान उपरोक्त को धारा 363,366 प्च्छ व 4 पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**पीलीभीत।** मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना न्यूरिया और कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाए। इस भीषण हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में को. हराम मचा है। हादसा थाना न्यूरिया क्षेत्र के नए बाईपास पर मंगलवार रात साढ़े 11 बजे हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से न्यूरिया की ओर जा रहे एक ही बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह, थाना प्रभारी न्यूरिया सुभाष मावी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों बाइक सवारों को आनन फानन में जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां दो लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि तीसरे युवक ने उपचार के दौरान 1 घंटे बाद दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बिठोरा खुर्द निवासी अरविन्द पुत्र चेतराम, बरेली जिले के नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगनेरा निवासी राजकुमार पुत्र मूलचंद, थाना बरखेड़ा क्षेत्र के कस्बा निवासी पवन पुत्र की नंदलाल के रूप में हुई। थाना प्रभारी न्यूरिया ने बताया तीनों शव के पंचायत राम भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में को. हराम मचा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# विधवा की झोपड़ी में पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग तीन पशुओं की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** रंजिशन विधवा की झोपड़ी में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे वहां बंधे तीन पशुओं की जलकर मौत हो गई अन्य झुलस गए। आग की लपटों से महिला के घर में रखा गृहस्थी लाखों का सामान भी राख हो गया। घटना को लेकर खलबली मच गई। मौके पर जमा लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। घटना से महिला काफी परेशान है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी की रहने वाली विधवा महिला रामवेटी पत्नी स्वर्गीय मनोहर लाल ने बताया वह जरुरी कार्य से गई थी। तभी मंगलवार रात्रि लगभग 11:30 पर उनकी झोपड़ी में आग लगा दी। आग लगने से झोपड़ी में बंधी गाय, बछिया एवं बकरी की जलकर मौत हो गई। झोपड़ी में रखा विधवा महिला का अनाज, चारपाई, बिस्तर सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आरोप है शरारती तत्वों द्वारा झोपड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगाई है।

# खाद्य विभाग की टीम ने पनीर की दो दुकानों से भरे सेम्पल

**कोसीकलां।** खाद्य विभाग की एक टीम ने नगर की डेरियों एवं पनीर, घी बिक्रेताओं के यहां छापामार कार्रवाई की। करीब एक दर्जन टीम ने पनीर, घी बिक्रेताओं की दुकानों से सेंपल लिए। उल्लेखनीय हो कि नगर एवं नगर के आसपास पनीर, दूध एवं देशी घी की डेरियां चल रहीं है। इन्ही डेरियों से लाए गए उक्त खाद्य पदार्थो को ही नगर की दर्जनों दुकानों पर असली का दाबा कर धडल्ले से बेचा रहा हैं, लेकिन विडंबना यह है कि मथुरा से लखनऊ तक की खाद्य पदार्थों की टीम के नगर में दस्तक देने मात्र की खबर से ही बिक्रेता भूमिगत हो जाते हैं। डेरियों पर ताले लग जाते है और ऐसा सन्नाटा पसर जाता है कि मानों यहां इस तरह का कोई कार्य नहीं होता। जानकार मानते हैं कि इससे साफ स्पष्ट है कि उक्त सभी खाद्य पदार्थ नकली बेचा जा रहा है। शिकायतों पर गौर फरमाते हुए खाद्य पदार्थ मथुरा की टीम मंगलवार की दोपहर नगर में पहुंची। सूचना पर बिक्रेताओं में हडकंप मच गया। टीम ने करीब दो दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के सेंपल लिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी सेंपल जांच को भेजे जाऐगे। जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। आपको बता दे कि नगर के सब्जी मंडी परशुराम चौक पर सबसे सस्ते रेट में बिक्री की जा रही है जबकि गर्मी के समय मे दूध ही आसमान छू रहा है तो ये पनीर इतना सस्ता कहाँ से लाकर बेच रहे नगर वासियो की शिकायत पर दोनों दुकानों पर कार्यवाही की गई।

# महिला सभा के स्थापना पर हुए कार्यक्रम



**कोसीकलां।** अग्रवाल महिला सभा के दस वर्ष पूर्ण होने पर राजमार्ग स्थित अग्रवाटिका में मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब की अध्यक्ष निशा जैन व प्रमुख कारोबारी पीसी जैन ने महाराजा अग्रसेन के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। निशा जैन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में महिलाओं को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। महिला अग्रवाल सभा द्वारा स्थापना दिवस पर किए गए कार्यक्रम बधाई के कोसीकलां स्थित अग्रवाटिका में महिला अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। महिला अग्रवाल सभा कोस. ीकलां की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने अग्र महिलाओं को संस्था से जोड़ने पर बल दिया। महिलाओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजितअग्र महिलाओं को संस्था से जोड़ने पर दिया गया ब्रज के रँगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र पर प्रस्तुति देकर भावविभोर कर दिया। हर प्रस्तुति की सराहना होती रही और बच्चों का उत्साह बढ़ाया जाता रहा। संचालन मो. निका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी आनंद लिया और एक–दूसरे को कार्यक्रम के लिए बधाई दी। सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल किया गया। सचिव मनीषा मित्तल, कोषाध्यक्ष रजनी अग्रवाल, श्वेता जैन, अन्नु अग्रवाल,स्वेता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रीति अग्रवाल, संजू जैन, शैलू अग्रवाल, अलका अग्रवाल, डिंपल अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, बबिता अग्रवाल, रूपल जैन, खुशबू गर्ग, खुशबू अग्रवाल मौजूद रहीं।

# आगरा नहर में महिला–पुरुष के शव दिखने से फैली सनसनी

**dk lhdykA** आगरा कैनाल में मंगलवार की सुबह एक महिला एवं पुरूष के शव बहते हुए नजर आए, जिससे सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक दोनों शव थाना क्षेत्र को पार कर बह गए। घटनाक्रम के अनुसार सुबह कोसी रेलवे पुल से गुजर रहे राहगीरों को आगरा कैनाल में महिला एवं पुरूष के शव नजर आए। दोनों शव थोड़ी थोड़ी दूरी पर बह रहे थे। दोनों शवों को देखते हुए लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहां तमाम भीड़ एकत्रित हो गई। लोग वीडियो बनाकर दोनों शवों की पहचान के प्रयासों में जुट थे। पुलिस के पहुंचने से पहले तेजी से बहते हुए पार कर गए थाना क्षेत्र गए। हालांकि जब तक पुलिस दोनों शवों की सूचना पर पहुंची तब तक शव तेजी से बहते हुए थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर निकल गए। प्रत्यदर्शियों के अनुसार देखने से प्रतीत हो रहा था कि शव ज्यादा पुराने

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**कोसीकलां।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हर कोई भारतीय सेना के शौर्य और अदम्य साहस की सराहना कर रहा है। इसी साहस को प्रमाण और सेना को सम्मान देने के बुधवार को शहर के बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व केबीनेट मंत्री प्रतिनिति नरदेव चौधरी और नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने किया। तिरंगा यात्रा शहर के पुराना जीटी रोड, मंडल अध्यक्ष अजय गोयंका के कार्यालय से शुरू हुई जो पंजाबी बाजार, सब्जी मंडी, मेन बाजार होते हुए भरतमिलाप चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में युवाओं के जोश और नारों ने वातावरण को पूरी तरह देश भक्ति के रंग में रंग दिया। हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में भारतीय सैना के लिए सम्मान दिखाई दिया।

तिरंगा यात्रा के समापन पर मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने कहा कि भारतीय के एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाईलों ने पाकिस्तान को खैरात मिले अमे. रिका, चीन, तुर्किए जैसे देश के हथियारों निष्प्रभावी और नष्ट कर दिया। जिससे पाकिस्तान को जबरदस्त नुकसान पहुंचे। सेना ने दिखा दिया कि भारतीय सेना किसी से कम नहीं है। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। यात्रा में राजेश घी वाले, विनय उपाध्याय, नेमचंद गर्ग, ठाकुर भानू प्रताप, हरीओम गुप्ता, सतीश बाल्मीकि, सत्तो ठाकुर, , लवली सभासद, गोपाल शर्मा, राजू वकील सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

# एमडी जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




**कोसी कलां।** बुधवार को एम. डी. जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

ओमप्रकाश जैन, पदमचन्द जैन विजय कुमार जैन सर्राफ ने संयुक्तरूप से माँ शारदे के चित्रपट के सम्मुख माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । जिसमें विद्यालय की छात्र–छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य एम.डी. जैन पब्लिक स्कूल व महावीर दिगम्बर जैन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया । पुरूस्कार वितरण कैलाश चन्द जैन चन्दौरिया प्रबन्धक, श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन कोषाध्यक्ष, सुभाष चन्द जैन लोहे वाले, गिरीश कुमार जैन, नवीन कुमार जैन, अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया । इस बार कक्षा 12 का बोर्ड का परीक्षाफल विद्यालय के लिए बहुत अच्छा रहा है ।

अंजलि पुत्री श्री राधेश्याम ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोसीकलां क्षेत्र में साइंस वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और पूर्व घोषणा के आधार पर 5100ध– रुपये का नकद पुरूस्कार दिया गया। कक्षा 12 में द्वितीय स्थान आस्था पुत्री संजीव कुमार 95 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान जगद. ीश पुत्र श्री विष्णु 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

कक्षा 10 में हिमांशी पुत्री हीरेन्द्र कुमार शर्मा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । जिसकी कक्षा 11 की फीस माफ रहेगी । मोनिका शर्मा पुत्री चेतन शर्मा 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसकी कक्षा 11 की आधा शुल्क माफ रहेगा । कक्षा 8 में कुमारी राधिका पांचाल पुत्री लक्ष्मी चन्द ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसकी कक्षा 9 का पूर्ण शुल्क माफ रहेगा । गोरी पुत्री विनोद कुमार जिसने कक्षा 9 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है गत वर्ष कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के कारण जो फीस माफ की घोषणा थी कक्षा में भी पूरी फीस माफ रहेगी।

जनक चौधरी पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह ने कक्षा 11 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है गत वर्ष 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शुल्क मुक्त थी इस वर्ष भी पूर्ण शुल्क माफ रहेगा । कक्षा 12 में आस्था ने अंग्रेजी व फुड न्यूट्रिशयन एण्ड डायटिक्स में 100 अंक प्राप्त किये हैं इनको 1100+1100=2200ध– नगद राशि प्रदान की गयी । कक्षा 10 में हिमांशी ने गणित में 100 अंक प्राप्त किये हैं इन्हें 1100ध– नगद राशि प्रदान की गयी। अजंलि ने कम्प्यूटर में जगदीश ने योगा में भावना और खुशी ने फुड न्यूट्रिशयन एण्ड डायटिक्स में 99 अंक प्राप्त किये हैं अतः इन सभी को भी 1100–1100/– रुपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं के प्रेरणाश्रोत विद्यालय के अध्यापक–अध्यापिकाओं को भी पुरूस्कृत किया गया। जिसमें कक्षा 12 में अंग्रेजी में 100 अंक श्री नगेन्द्र कुमार पालीवाल के निर्देशन में, फुड न्यूट्रिशयन एण्ड डायटिक्स में 100 अंक एवं दो बच्चों के 99 अंक दर्शन चौधरी और कक्षा 10 गणित में 100 अंक सुरजन सिंह ने अपने शिक्षण कौशल से बच्चों को दिलवाने का प्रयास जो किया है वह सराहनीय है। इसके लिए प्रत्येक को 3100–3100ध– की नगद राशि प्रदान की गयी। कक्षा 12 में कम्प्यूटर में 99 अंक श्री मुकेश कुमार और योगा में 99 अंक यशवीर सिंह के निर्देशन में बच्चों ने प्राप्त किये हैं ।

# कमालः मा. हाईकोर्ट के आदेश भी यहां हो रहे बे–माने

**प्रशासन की मिलीभगत से भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रातोंरात बना डाली दुकानें मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के जनरल सेक्रेटरी दिलशाद अली खान ने कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की डीएम एसएसपी एसडीएम तहसीलदार सहित अपर थाना प्रभारी क्राइम से लिखित में की है।**



**टप्पल।** कस्बा टप्पल में लालपुर मोड मोहर्रम मेला प्रांगण के निकट स्थित कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के विरुद्ध कुछ भूमाफियाओं ने मदीना मस्जिद की आड़ लेकर कब्रिस्तान की कब्र की भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके दुकान एवं कबाडे की दुकान बना ली है। जिससे मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के लोगों में अवैध कब्जेधारियों के प्रति रोष व्याप्त है और अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं की शिकायतें जिलाधिकारी अलीगढ़ संजीव रंजन एसएसपी अलीगढ़ संजीव सुमन एसडीएम खैर महिमा राजपूत तहस. ीलदार खैर कृष्ण गोपाल मिश्रा अपर प्रभारी निरीक्षक क्राइम टप्पल जोगेदर सिंह से करते हुए अवैध कब्जा करके बनवाई गई दुकान कबाडे की दुकान को हटबाने की मांग की है। मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी रजिस्टर्ड के जनरल सेक्रेटरी दिलशाद अली खान ने बताया कि कस्बा टप्पल में कब्रिस्तान गाटा संख्या 4287व ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 4417 मोहल्ला काजीपाड़ा में स्थित है, जहां पर मोहर्रम के पावन पर्व के अवसर पर प्रत्येक वर्ष विशाल मेला लगता है। इस मोहर्रम मेले के प्रांगण एवं कब्रिस्तान की भूमि पर समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2012, 2013, 2014 में कुछ सपाइयों ने अवैध कब्जा करके दुकान आदि बनाना चाहते थे, लेकिन मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के लोगों ने विरोध प्रकट कर दिया तो सपा के नेताओं ने अवैध कब्जे का विरोध करने वाले लोगों पर सपा शासन के द्वारा विभिन्न तरीके से दबाव बनाना शुरू कर दिया था तब मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के जनरल सेक्रेटरी दिलशाद अली खान ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में कब्रिस्तानों एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे हटवाने के उद्देश्य से जनहित याचिका फरवरी 2014 में डाली जिसका निस्तारण माननीय डॉक्टर डी०बाई०चंद्रचूड़ मुख्य न्यायाधीश ,माननीय दिलीप गुप्ता न्यायाधीश की संयुक्त पीठने दिनांक 12 मार्च 2014 को निस्तारित करते हुए निर्देश दिया कि कब्रिस्तान एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा ,अतिक्रमण है तो उसे शासकीय आदेश अप्रैल 2012 के अनुपालन में हटाया जाए। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमियों पर से अवैध कब्जे व अतिक्रमणों को 20 सितंबर 2014 में हटवाये गए थे और यह प्रकरण तब शांत हो गया था, लेकिन अब अब्दुल पुत्र मूवीन, असलम पुत्र सुलेमान द्वारा कब्रिस्तान और ग्राम समाज की भूमि पर दोबारा से अवैध कब्जे करके दुकान और कबाड़ेकी दुकान बना ली है जिससे माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उक्त भूमाफियाओं ने उड़ाई है। मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के लोगों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करके बनाई गई दुकान एवं कबाडे की दुकान को जनहित में हटवाया जाए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नरपतनगर दूंदावाला में चेयरमैन के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा शौर्य यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। यह यात्रा चेयरमैन खालिद अली के नेतृत्व में पेट्रोल पम्प से शुरू होकर नगर से घूमकर नगर पंचायत कार्यालय पहुची, जहां बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस यात्रा में मुख्य अतिथि रहे डॉ महेश मौर्य और संयोजक रहे मुकुट लाल। भारत माता की जय तथा भारतीय सेना के पराक्रम के नारे लगाए।

देश की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों के पराक्रम तथा वीरता को याद किया तथा सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के शौर्य और बहादुरी का जिक्र किया। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के अधिकारियों तथा जवानों का आभार व्यक्त किया।

कहा कि भारत माता का शीश सेना के जवानों ने कभी झुकने नहीं दिया है। उन्होंने देश के सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ महेश कुमार मौर्या ,देवेन्द्र दिवाकर मण्डल अध्यक्ष ,मुकुट लाल , लक्ष्मी कांत सैनी, महेन्द्र सैनी, डोली रंधावा, अमृता रंधावा, एडवोकेट दिलीप अरोरा, मोहम्मद आसिफ, सभासद सैलेंद्र कुमार चन्द्रा, अरमान अली , मोहम्मद अकरम, इमरान अंसारी, नफीस अहमद, अतर सिंह, विनेश मौर्य, हाफिज इश्तियाक, मोहम्मद हसन, मेहराजुद्दीन आदि के साथ सौकड़ों लोग मौजूद रहे ।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शाहबाद नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा नगर के मोहल्ला कानूनगोयान गमादेवत मंदिर से बिजलीघर मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ताओं ने जोश से भरे नारा लगाते हुए भ्रमण किया। भारत माता के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। मौके पर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, सुमित भटनागर, एम.एल.सी. प्रतिनिधि महेश गुप्ता,वेदप्रकाश चंद्रवंशी,राजू गुप्ता, शिवम बजरंगी, रेनू श्रीवास्तव, भाजपा युवा मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी विशाल जोशी,प्रवीण शर्मा, रविकरन बाजपाई, चमनमियां, बिट्टू भटनागर आदि मौजूद रहे।

## दो नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी रामप्रसाद पुत्र भजन लाल निवासी नरपत नगर,2 जोगेंद्र सिंह पुत्र चन्दर सैन निवासी नरपत नगर को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि. रामनरेश संह. है.का.संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने एसडीएम को किया सम्मानित

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने हिमांशु उप जिलाधिकारी तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यालय पर पहुंचकर सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता आज तहसील पहुंचे कोतवाली और वहां पहुंचकर सुनील कुमार उपजिलाधिकारी मिलक, सीमा गंगवार तहसीलदार मिलक एवं अंकित अवस्थी नायब तहसीलदार मिलक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बताया कि तहसील मिलक में सुनील कुमार उपजिलाधिकारी मिलक के नेतृत्व में सम्पूर्ण तहसील में निरंतर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

किसी के साथ कोई भेद भाव नहीं होता है सभी का नियमानुसार जो कार्य किया जाना संभव है उसे तत्काल कराए जाने का प्रयास किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद रामपुर अपने तीनों सम्मानित अधिकारी बंधुओं का हृदय से आभारी है। और आने वाले समय में भी इसी प्रकार से तहसील मिलक में सभी सम्मानित अधिकारियों द्वारा कार्य किया जाता रहेगा ऐसा हमें भरोसा है।



## मारपीट और धमकी देने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** मारपीट करने जान से मारने की धमकी को लेकर दो नामजद और दो अज्ञात सहित चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है कोतवाली क्षेत्र के कपनेरी गांव निवासी हिमांशु ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें कहा कि 16 मई को लेखराज के घर पर मंडप कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें दावत खाने गए। हिमांशु के साथ पुरानी रंजिश को लेकर सुधीर कुमार उर्फ सुनील कुमार सुमित कुमार सहित दो अज्ञात व्यक्तियों ने गाली गलौज करने लगे हिमांशु ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने मिलकर हिमांशु के साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें हिमांशु गंभीर



रूप से घायल हो गए। इस संबंध में हिमांशु ने कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर कई धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है।

# ग्रामीणों ने सड़क में घटिया सामग्री लगाने पर किया प्रदर्शन

**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** 23 लाख रुपए की लागत से मधुकर- खेड़ा सड़क का नवीकरण का कार्य चल रहा है। बुधवार को खेड़ा और पैगंबरपुर के ग्रामीणों ने सड़क में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने सड़क को हाथों से उखाड़कर सड़क निर्माण में मिट्टी और घटिया सामग्री मिली होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क डालते ही उखड़ने लगी है और बरसात तक इसका रुकना बहुत मुश्किल है। ग्रामीणों ने सड़क पर डाले जा रहे हॉटमिक्स में घटिया सामग्री लगाए जाने पर जमकर नारा. जगी व्यक्त की। बताते चले कि मधुकर-खेड़ा मार्ग पर लगभग 2300 मीटर नवीकरण के कार्य में 23 लाख रुपए की लागत आएगी। जेई ने बताया कि सड़क नवीकरण में मानक के अनुसार कार्य किया जा रहा है। सड़क पर प्रदर्शन करने वालों में दिनेश यादव, नेक सिंह चौधरी, मुकेश, सचिन, राजीव, विनीत, कृष्णपाल, उपेंद्र,अंकित आदि रहे।



# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया शरबत वितरण एवं गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुण्यतिथि पर शरबत वितरण कर किया गोष्ठी का आयोजन ,पूर्व प्रधानमंत्री की जीवन पर डाला प्रकाश। बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शाहबाद के बड़ा गांव चौराहे पर कांग्रेसियों ने शरबत वितरण किया और गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

जिला पंचायत सदस्य नुसरत बैग के आवास पर राजीव गांधी की याद में एक गोष्ठी का आयेजन किया गया। इस अवसर पर नुसरत बैग ने बताया कि राजीव गांधी ने देश को बहुत सारी उपलब्धियां दी जिसमें सबसे महत्वपूर्ण हे कंप्यूटर क्रांति राजीव गांधी को ही देश में कंप्यूटर लाने का श्रेय जाता हे और साथ ही साथ देश में दो बड़ी टेलीकॉम कंपनिया एमटीएनएल और बीएसएनल की शुरुआत भी उन्हीं के कार्यकाल में हुई थी। देश में पंचायत राज का जनक भी राजीव गांधी जी को माना जाता हे उनका मानना था कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था सबल नहीं होगी तब तक निचले स्तर तक लोकतंत्र नहीं पहुंच सकता।

उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायतीराज व्यवस्था का पूरा प्रस्ताव तैयार किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष शाजमान आर्यन ने कहा कि देश में पहले 21 वर्ष की आयु मे ही लोगो को वोट देने का अधिकार था परंतु राजीव ने 18 वर्ष की उम्र के युवाओं को मताधिकार देकर उन्हें देश के प्रति ओर जिम्मेदार ओर सशक्त बनाने की पहल की थी।

इस दौरान शाहवेज खान, बाबू फौजी कामरान खान, शप्पू अंसारी, तौफीक आलम, सोहन सिंह ,मनोज यादव, अमरेंद्र चौधरी, फारुख अली समेत कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।



# मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से प्रभारी निरीक्षक ने की बातचीत दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशन में शाहबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन वॉक थ्रू चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रात:काल टहलने जाने वाली नगर की जनता से संपर्क कर उन्हें अपराधों पर नियंत्रण के लिए कुछ टिप्स दिए गए और सहयोग की अपेक्षा भी की गई। आपको बता दे कि ऑपरेशन वॉकथ्रू एक प्रकार की प्रशिक्षण विधि है जिसमें किसी विशेष कार्य या परियोजना को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई जाती है और उन चरणों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदमों को निर्धारित किया जाता है इस ऑपरेशन से प्रशासन को अपने लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने में भी मदद मिलती है और लोगों को भी शांतमय माहौल प्राप्त होता है।




## हिस्ट्रीशीटर के डर से गांव छोड़कर गया परिवार 6 दिन बाद वापस लौटा

### पटवाई थाना क्षेत्र के मढ़ौली मझरा गांव का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** 16 मई को हिस्ट्रीशीटर से डरा हुआ परिवार बुधवार को अपने घर वापस लौट आया है। परिवार पुलिस की मौजूदगी में गांव पहुंचा है। गांव में दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। पटवाई क्षेत्र के मंडोली गांव निवासी तेजपाल अपने परिवार के साथ 16 मई को गांव छोड़कर चले गए थे। उनका आरोप था गांव में एक हिस्ट्री सीटर है। जिसने हत्या भी कर दी थी। वह जेल भी जा चुका है। कुछ दिन पहले उसकी भैंस मर गई थी। जिसके बाद किसी तांत्रिक ने उसे बताया कि तेरी भैंस तेजपाल ने जहर देकर मारी है। आरोप है हिस्ट्रीशीटर तेजपाल के घर तमंचा लेकर घुस गया था। शोर सरावा करने पर वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तेजपाल



घटना के डर से परिवार सहित गांव छोड़ कर चला गया था। 6 दिन बीत जाने के बाद बुधवार को पुलिस अपनी मौजूदगी में तेजपाल के परिवार को घर ले आई है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया तेजपाल के परिवार को पुलिस की मौजूदगी में गांव छोड़ दिया गया है। अब किसी तरह की कोई बात नहीं है। दो पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

## अतिक्रमण का शिकार बिलारी चौराहा

# सड़क पर वाहन खड़ा कर करते हैं काम ,जिससे बनती हैं जाम की स्थिति

**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में वैसे तो सभी चौराहे से अतिक्रमण हट चुका हैं। लेकिन शाहबाद बिलारी चौराहे पर बिलारी रोड के निकट की जगह अतिक्रमण का शिकार है। यहां पर लोगो ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर रखा हैं। यहां अतिक्रमण कर कार, ट्रेक्टर के टायर पिंचर वाले सड़क पर वाहन खड़ाकर काम करते हैं जिससे जाम के साथ साथ हादसा होने की भी आशंका रहती हैं।

लेकिन सोचने वाली बात यह हैं कि इस सड़क से जिले से लेकर तहसील क्षेत्र के अधिकारी गुजरते हैं लेकिन यह सब देखने के बाद भी यहां अतिक्रमण पर कार्यवाही नही कर पाते हैं। इस मामले में नगर पंचायत ईओ से फोन के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई लेकिन ईओ नगर पंचायत का फोन नही उठ पाया।



# एसडीएम के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने किया धरना प्रदर्शन

## एडीएम के माध्यम से डीएम रामपुर को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के द्वारा मिलक तहसील के परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन तथा बुधवार को किया गया धरना प्रदर्शन की सूचना तहसील के अधिकारियों ने अपने उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर एडीएम रामपुर तहसील परिसर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी रामपुर को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी रामपुर को दिया है। जिसमें लिखा है एसडीएम के द्वारा लंबे समय से हिंदू समाज के विरुद्ध सुनियोजित रूप से भेदभाव पूर्ण तथा अभद्र व्यवहार अपराधिक और पक्षपात पूर्ण कार्य कर रहे हैं सरकारी भूमि पर अवैध रूप से दूसरे समुदाय द्वारा कब्जा करने की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई मंदिर परिसर के निकट खुलेआम मांस की बिक्री हो रही है। गौशाला में गोवंश के निर्मम हत्या की घटना को नजर अंदाज किया जा रहा है तहसील परिसर में ड्राइवर लेखपाल के द्वारा रिश्वत लेने तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त इन लोगों से आम जनता बहुत ज्यादा परेशान है सरकार की छवि को दूर में करने का काम कर रहे हैं खण्ड विकास अधिकारी मिलक के एक सचिव द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल ने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाने की मांग की है एडीएम रामपुर बताया गया कि इसकी जांच कराई जा रही है ज्ञापन पर जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद अमृत गौड़ अवनीश मयंक शर्मा प्रवीन शर्मा संजीव गुप्ता नगर अध्यक्ष सहित आदि के हस्ताक्षर हैं।




# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर महाचौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर आज ग्राम सीगन खेड़ा, शौकत नगर (विधानसभा चमरौआ) में एक श्रद्धांजलि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और मीडिया प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एआईसीसी सदस्य मुति उर रहमान बब्लू ने कहा, राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी में ले जाने की नींव रखी थी। सूचना क्रांति, पंचायती राज, युवाओं को मताधिकार और देश की तकनीकी प्रगति में उनका योगदान अमिट है। उनकी शहादत को हम कभी नहीं भूल सकते।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने अपने संबोधन में कहा, राजीव गांधी का सपना एक मजबूत, समावेशी और आधुनिक भारत था।




आज के युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के सतनाम सिंह, वासिक अली, आसिफ खां, वकील अहमद प्रधान, उमेश दुबे, नामे अली, साहिर अली, सहादत, इरशाद, जमील मियां, फैजान, आले हसन, नूर आलम, इरफान अली, सलमान अली नासिर एवं जुनैद आदि ने कहा कि गांव से लेकर शहर तक, हर भारतीयों के जीवन में राजीव गांधी जी के निर्णयों की झलक दिखती है। हम उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में शहीद प्रधानमंत्री को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीतों और राजीव गांधी अमर रहें के नारों के साथ हुआ।

# राकेश टिकैत का सर कलम कराने वाले को दी जाए फांसी की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** । बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के शाहबाद कार्यालय पर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता व अधिकारी व सदस्य इकट्ठा हुए और और एक पंचायत कर चौधरी राकेश टिकैत का सर कलम करवाने वाले को फांसी की सजा की मांग की इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश सचिव दरियाव सिंह यादव ने कहा कि राकेश टिकैत का सर कलम कराने वाले को जिन भी पुलिस कर्मियों ने पकड़ा है वह बधाई के पात्र हैं अब किसानों की मांग है कि आरोपी अमित चौधरी को फांसी की सजा सुनाई जाए ऐसी घिनौनी हरकत से किसानों में काफी आक्रोश है पकड़े गए अमित को फांसी की सजा नहीं सुनाई गई तो पूरे देश में भारी आंदोलन चलाया जाएगा, उसके बाद जुलूस की शक्ल में कोतवाली पहुंचे जहां पर उन्होंने कोतवाल पंकज पर को ज्ञापन सौंपते हुए चौधरी राकेश टिकैत का सर कलम करवाने वाले पकड़े गए आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है आरोपी को अगर फांसी की सजा नहीं सुनाई गई तो पूरे देश में भारी आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान आराम सिंह, गिरिराज सिंह, सरवन सिंह, रामदास मौर्या, देवेंद्र सिंह, अखलाक हुसैन, शंकर लाल लोधी, बुद्धि सिंह, नजीर अहमद, प्रमोद यादव, चन्ना खाँ, गुड्डू खाँ, अफरोज खाँ, सरफराज हुसैन, सत्येंद्र यादव, पप्पू खान, आदि मौजूद रहे ।



# भाकिसं ने सीडीओ से की केन्द्र प्रभारी की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा अपने किसान साथियो के साथ सरकारी किसान बीज वितरण केंद्र लोहा पर पहुँचे । 33 कुंटल धान किसानो को बीज के लिए केंद्र पर 13 मई को आया था जिसको केंद्र के प्रभारी नंद किशोर के द्वारा सभी धान फर्जी तरीके से बेच दिया गया।

जिला अध्यक्ष ने 20 मई को प्रभारी से फोन पर किस किसान को धान दिया है इसका डाटा माँगा तो प्रभारी द्वारा साफ मना कर दिया गया कि मैं फोन पर कोई पेपर नही दूँगा। इसी को लेकर बुधवार को जब जिला अध्यक्ष केंद्र पर पहुँचे और धान का डाटा माँगा गया तो प्रभारी द्वारा कोई डाटा नही दिखाया गया। दिखाते जब इनके पास कुछ होता तब जिला अध्यक्ष अपनी टीम के साथ किसान दिवस रामपुर पहुँचे सीडीओ रामपुर एवं जिला कृषि अधिकारी रामपुर को धान की सारी स्थिति बताई गई और इनके द्वारा भरोसा दिलाया गया की प्रभारी नंद किशोर का स्थानांतरण 1 सप्ताह के अंदर-अंदर कर दिया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष मिलक आशीष गंगवार,नगर अध्यक्ष मिलक सचिन शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष मिलक मिंटू तिवारी, अनमोल शर्मा साथ रहे।



# बिजली के तार सब्जी विक्रेता युवक पर गिरने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार को मोहल्ला चक स्वार निवासी युवक ठेले पर मोहल्ले में रोड किनारे सब्जी बेच रहा था अचानक बिजली का तार टूट के उसके ऊपर गिरने से उसकी मौत।

बुधवार को अयान पुत्र खलील अहमद उम्र 18 वर्ष निवासी बासो वाली मस्जिद के बराबर चक स्वार ठेले पर गली गली सब्जी बेचता था। आज भी नगर में सब्जी ठेले पर लगाकर बेच रहा था कि अचानक बिजली का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया।

जिससे वह वही झुलस गया और मौके पर ही मौत हो गई सूचना परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुच गए और बिजली विभाग के खिलाफ रोष प्रकट करने लगे।सूचना कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुच गई शव को कब्जे में कर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।



मृतक का फाइल फोटो

# गांव में लोगो से सीधा संवाद किया अपराध व अपराधियों को सुधारने की दी हिदायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव रवाना में थाना अध्यक्ष हमबीर सिंह जादौन ने एक महत्वपूर्ण जन चौपाल का आयोजन किया। इस चौपाल में गांव के प्रधान, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों और बड़ी संख्या में आम जनमानस ने हिस्सा लिया।

चौपाल का मुख्य उद्देश्य गांव में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना तथा सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना था। थाना अध्यक्ष जादौन ने उपस्थित लोगों को जुआ, सट्टा और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने की अपील की।

उन्होंने गांव में अनावश्यक झगड़ों और विवादों से बचने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही, थाना अध्यक्ष ने साइबर अपराधों से बचाव, हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, और यातायात नियमों के पालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपराध नियंत्रण में स्थानीय पुलिस का सक्रिय सहयोग करने के लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया। और अपराधियों को सुधरने के लिए सख्त हिदायत दी और चेतावनी दी कि अपराध में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगो को भी बताया कि अपने आस पास कोई भी घटना हो तुरन्त थाने में सूचना दे।

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय, जनपद रामपुर उ.प्र.**

**प्रकीर्ण वाद सं.**-24/2025

नैय्यर पब्लिक सेवा समिति ग्राम डिलारी मिलक खानम, तहसील स्वार, जिला रामपुर उ.प्र. 244924 पंजीकरण सं. एमबीडी-221600 दिनांक-09.07.2020 द्वारा प्रबन्धक सृष्ठि भल्ला पत्नी श्री संजय भल्ला निवासी 29 काशीनगर, तहसील व जनपद लखीमपुर खीरी उ.प्र. हाल निवासी 123 बाजार कला बिलासपुर, तहसील बिलासपुर जिला रामपुर उ.प्र. ..........**प्रार्थी**

**बनाम**

1-अंकित नैय्यर पुत्र श्री सुनील कुमार नैय्यर निवासी मो. बाजार कलां, तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर उ.प्र.

2-आम जनता ..........**विपक्षीगण**

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि नैय्यर पब्लिक सेवा समिति ग्राम डिलारी मिलक खानम, तहसील स्वार, जिला रामपुर उ.प्र. 244924 पंजीकरण सं. एमबीडी-221600 दिनांक-09.07.2020 द्वारा प्रबन्धक सृष्ठि भल्ला पत्नी श्री संजय भल्ला निवासी 29 काशीनगर, तहसील व जनपद लखीमपुर खीरी उ.प्र. हाल निवासी 123 बाजार कला बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर उ.प्र. के द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश, जनपद रामपुर में प्रकीर्ण वाद सं.-24/2025 प्रस्तुत किया है और प्रार्थिनी की रजिस्टर्ड एजुकेशन सोसाईटी है जो सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अन्तर्गत चिट्स फन्ड सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट्स रजिस्ट्रार मुरादाबाद द्वारा रजिस्टर्ड है तथा उसका रजिस्ट्रेशन नम्बर एमबीडी 22160 दिनांक-23.05.2010 से रजिस्टर्ड है तथा सोसाईटी का दिनांक-23.03.2020 से आगामी 05 वर्षों के लिए नवीनीकरण है और प्रार्थी द्वारा उक्त वाद नैय्यर पब्लिक सेवा समिति रजिस्ट्रेशन नं. एमबीडी 22160 दिनांक-09.07.2020 को उसकी आराजी स्थित ग्राम डिलारी मिलक खानम परगना स्वार तहसील स्वार, जिला रामपुर खसरा नं.-229/2 रकबई 0.7480 है. में से 0642 है. भाग को बन्धक रखकर बैंक अथवा एन.बी.ए.सी. से ऋण प्राप्त करने हेतु दाखिल किया है।

अतः यह इस्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक-02.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगी और निर्णित आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक-21.05.2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**न्यायालय जनपद न्यायाधीश रामपुर।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अकबराबाद विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-21/05/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकबराबाद विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 22/05/2025 से 29/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 30/05/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | .............. | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री साबिर अली ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत अकबराबाद**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

**( श्रीमती मोनिक चौहान )**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत अकबराबाद**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-21/05/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 22/05/2025 से 29/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 30/05/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी.पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | .............. | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती तारा परवीन ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

**( श्रीमती मोनिक चौहान )**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

# गुजरात की नजर शीर्ष स्थान पर

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76-3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में

**सत्र का सकारात्मक अंत करने उतरेगा लखनऊ**

खेलते हुए 11 पारियों में 71-4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12-3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निक. ोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गें. दबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को रेखांकित करती है। गुजरात की गेंदबाजी इकाई चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि वे अधिकतर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं,अरशद खान और राशिद खान प्रभावी रहे हैं, जबकि अनुभवी कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने गहराई और नियंत्रण जोड़ा है। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# भारत को 24 मई को मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट को. हली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

## रोहित-कोहली के बगैर भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। राजस्थान रायल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है।

# एचएस प्रणॉय व किदांबी मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर







**● महिला एक वर्ग मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई ने मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21 व 21-15 से हराया**

**मलेशिया, वार्ता।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले पाए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लविशा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कधे मेहनत करती है।

### पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को जगह नहीं दी है। चयनकर्ताओं ने बल्लेबाज सलमान अली आगा को टीम का कप्तान,ऑलराउंडर शादाब खान को उपकप्तान बनाया है इसके अलावा अनुभवी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए महेन्द्र सिंह धोनी के पैर




**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया।

राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल

**वैभव ने आशीर्वाद के साथ आईपीएल का समापन किया**

के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुक. ाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

# पीकेएल: जयवीर गुजरात के मुख्य कोच बने

**वरिंदर सिंह संधु टीम का सहायक कोच नियुक्त किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया।

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में, भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी विश्व कप और कई मार्की कबड्डी चैंपियनशिप सहित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्वर्ण पदक जीता है। गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच बनाये जाने पर जयवीर ने कहा कि मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम को भीतर से निडर बनाने को उत्सुक हूं, हमारा उद्देश्य टीम को पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाना है। मुझ पर भरोसा रखने और यह रोमांचक अवसर देने के लिए मैं अडानी स्पोर्ट्सलाइन का आभारी हूं। मैं पीकेएल नीलामी और एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी टीम बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। सहायक कोच बनाये जाने पर वरिंदर ने कहा कि मैं गुजरात के परिवार में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग में से एक का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अवसर है। मैं पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी का अनुभव और नए सत्र के लिए एक ठोस टीम बनाने के लिए उत्सुक हूँ। नए कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हुए अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा कि जयवीर शर्मा और वरिंदर का गुजरात टीम में स्वागत करते है।

## पीकेएल नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल

**● बांग्लादेश कबड्डी महासभा ने 20 मई की समय सीमा से पहले खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया**

**ढाका, वार्ता।** भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बांग्लादेश का कबड्डी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बांग्लादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- **मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन**। पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बांग्लादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में छह बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था।

# रेणुकाचार्य-दीक्षा ने तैराकी में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स की पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल के प्रत्यय भटाचार्य ने दो घंटे 12 मिनट 31 सेकेंड के समय के साथ रजत तथा महाराष्ट्र के चैतन्य लशदे ने दो घंटे 13 मिनट 14 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान, तमिलनाडु की अरन एमपी ने दो घंटे 33 मिनट 38 सेकेंड में रेस पूरी करते हुए रजत पदक तथा महाराष्ट्र की पूर्वा गावड़े ने दो घंटे 33 मिनट 52 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा।

## हरियाणा व दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** हरियाणा और दिल्ली की महिला और पुरुष वर्ग की ट्रीयो टीम ने बुधवार को वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पारंपरिक सेपक टकरा की मजबूत मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किये।

यहां घोघला बीच पर खेले पाए दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक रहा। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान हासिल किया।

# पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली-अनुष्का

**● कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट, आरसीबी का अब सनराजर्स हैदराबाद से सामना है होना**



**दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबाल खेलती नजर आई। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बान्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकल. बाल खेला और जोड़ीदार के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबाल में हाथ आजमाया। पिकलबाल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।


# सम्पादकीय

गुरुवार, 22 मई 2025

## अभिव्यक्ति की आजादी

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में यह सशर्त अंतरिम जमानत दी है। प्रो. अली खान अशोका विवि. में राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनको एक विवादित टिप्पणी को लेकर हरियाणा पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। ध्यान रहे कि उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा था कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा करते हैं और इतने सारे दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों को देखकर बहुत खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि शायद वह उतने ही जोर से यह भी मांग कर सकते हैं कि भीड़ द्वारा हत्या, मनमाने ढंग से बुल्डोजर कराने और भाजपा के नफरत फैलाने के शिकार अन्यों को भारतीय नागरिक के रूप में संरक्षित किया जाए। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रोफेसर की इन टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने उनकी टिप्पणियों को भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक बताया, साथ ही आयोग का मानना था कि ये टिप्पणियां सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली हैं। प्रो. अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में एक चर्चा का विषय भी बन गई। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मानना है कि प्रो. ने अपनी टिप्पणियों में ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जिससे लगे कि उन्होंने देश के विरुद्ध जाकर कोई काम किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेने हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मानना है कि रिपोर्ट प्रथम दृष्टया इस बात का खुलासा करती है कि उक्त प्रोफेसर के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है। असल में यह एक चलन सा हो गया है, जो कोई भी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी आलोचना करता है, उसको देश के प्रति आलोचना मान लिया जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अभिव्यक्ति के नाम पर दी गई टिप्पणियों के विरुद्ध जो कार्रवाई होती है वह सिलेक्टिव होती है, जबकि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों की बेहद निंदनीय टिप्पणी आई, जिसमें एक मंत्री महोदय कर्नल सोफिया को आतंकवादी की बहन तक बता रहे हैं, तो दूसरे मंत्री भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में समर्पित होने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सख्त नाराजगी जताई है। अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर उनका त्यागपत्र भी नहीं लिया गया है। जबकि चारों ओर से यह मांग उठ रही है। कोर्ट के आदेश पर जो रिपोर्ट दर्ज भी हुई है, वह बेहद लचीली है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीआर स्टंट



प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है, सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है, हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा, विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं, दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए, इसके बाद पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की गई, पाक के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन से रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, पर सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# विलुप्त होती प्रजातियां: जीवन के अस्तित्व पर संकट की दस्तक

विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष



मनुष्यों की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में विस्तार से यह उल्लेख है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में यह गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि विकास की दौड़ में जंगलों की कटाई और जीव-जंतुओं के आवासों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वयं अपने अस्तित्व को खतरे में डाल देगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण ने मनुष्य को इस हद तक स्वार्थी बना दिया है कि उसने यह तक भूलना शुरू कर दिया है कि उसका जीवन भी प्रकृति के सहारे ही संभव है। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। यह पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। अब समय आ गया है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साधें।

**-अतुल गोयल**

### विश्व की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

**सुमात्रा राइनो**- इंडोनेशिया में पाई जाने वाली यह गैंडे की प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है।
**अमूर तेंदुआ**- रूस और चीन की सीमा पर पाई जाती है, केवल कुछ दर्जन बचे हैं।
**जावन राइनो**- जावा द्वीप में कुछ ही बचे हैं।
**सीगिंग गोरिल्ला**- अफ्रीका में पाई जाने वाली यह प्रजाति भी खतरे में है।
**वैक्सन डॉल्फिन (वाकिता)**- मेक्सिको के समुद्री क्षेत्र में पाई जाती है, केवल 10.20 के बीच बचे हैं।
**एशियाई चीता**- ईरान में पाई जाती है, गिने-चुने ही शेष हैं।
**गैंगेटिक डॉल्फिन**- भारत और नेपाल में पाई जाती है, संकट में है।
**ऑरंगुटान्स (बोर्नियो और सुमात्रा)**- जंगलों की कटाई से आबादी घट रही है।

### भारत की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

भारत में भी कई वन्य प्रजातियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-
**हिम तेंदुआ**- अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों में पाई जाती है, इनकी संख्या घटती जा रही है।
**हाथी**- जंगलों के विनाश और मानव-पशु संघर्ष के कारण संकट में हैं।
**कस्तूरी मृग**- अवैध शिकार के कारण संकटग्रस्त।
**गंगा डॉल्फिन**- प्रदूषण और अवैध शिकार का शिकार।
**बंगाल बस्टर्ड**- घास के मैदानों के विनाश के कारण बहुत कम बचे हैं।
**लाल पांडा**- सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है, आवास खतरे में हैं।
**वन बिल्ली**- राजस्थान, गुजरात आदि में पाई जाती है, विलुप्ति की ओर अग्रसर।

# गर्मी में सत्तू: स्वाद और सेहत का संगम

**गर्मी के मौसम में सत्तू केवल ठंडा और सेहतमंद पेय नहीं, बल्कि एक बहुपयोगी खाद्य सामग्री है जिससे कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजन बनाए जा सकते हैं। चाहे लड्डू हो, शरबत या कचौरी सत्तू हर रूप में स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ख्याल रखता है। इस गर्मी, सत्तू को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और स्वाद के साथ-साथ सेहत भी पाएं।**

गर्मियों की तेज लू और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसा ही एक परंपरागत और चमत्कारी सुपरफूड है सत्तू। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर बनाया जाता है और सदियों से पंजाब, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल में इसका उपयोग किया जा रहा है।

सत्तू का सेवन गर्मी में शरीर को ठंडक देने, हाइड्रेट रखने और ऊर्जा बनाए रखने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सत्तू पाचन सुधारता है, पेट की जलन और अपच से राहत दिलाता है। इसे शरबत के रूप में ही नहीं, बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### सत्तू के लड्डू

**सामग्री**-
सत्तू- 250 ग्राम
बूरा या पिसी चीनी-200 ग्राम
घी-200 ग्राम
इलायची-7-8 (पाउडर बना लें)
काजू-20-25
बादाम-20-25
पिस्ता-10-12
**विधि**-कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें सत्तू डालकर धीमी आंच पर 5-6 मिनट तक भूनें। गैस बंद करके मिश्रण को अलग बर्तन में निकाल लें और ठंडा होने दें। काजू, बादाम और पिस्ता बारीक काट लें। ठंडे सत्तू में बूरा, इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे मिलाएं। सब कुछ अच्छे से मिलाकर मनचाहे आकार के लड्डू बना लें और ऊपर से पिस्ते से सजाएं। स्वादिष्ट और पोषक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

### सत्तू का मीठा और नमकीन शर्बत

**मीठा सत्तू ड्रिंक**-
सामग्री-
चने का सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू- 1
पिसी चीनी- 2 टेबल स्पून
काला नमक-टीस्पून
**विधि**- सत्तू में थोड़ा पानी डालकर गुठलियां खत्म होने तक घोलें, फिर बाकी पानी मिलाएं। उसमें नींबू का रस, पिसी चीनी और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ठंडा-ठंडा मीठा सत्तू शरबत तैयार है।

### नमकीन सत्तू ड्रिंक

**सामग्री**-
सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू-1
काला नमक-टीस्पून
साधारण नमक-स्वादानुसार
भुना जीरा-टीस्पून
हरी मिर्च बारीक कटी-1
पुदीना- 6-7 पत्ते
**विधि**- सत्तू को थोड़े पानी में घोलें, फिर उसमें बाकी पानी डालें। अब इसमें नींबू रस, नमक, काला नमक, भुना जीरा, हरी मिर्च और पुदीना डालकर मिलाएं। ठंडा कर सर्व करें। यह ड्रिंक शरीर को ठंडक और ताजगी से भर देता है।

### सत्तू की कचौरी

सामग्री- आटा गूंधने के लिए- गेहूं का आटा-2 कप, तेल-4 टेबल स्पून, नमक-स्वादानुसार, पिट्ठी (भरावन) के लिए-सत्तू-150 ग्राम, घी-3-4 टेबल स्पून
हींग-2 पिंच, जीरा- टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, सौंफ पाउडर-1 टीस्पून, हरी मिर्च-2 (बारीक कटी), अदरक-1 इंच (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर- प्रत्येक-टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबल स्पून (कटा हुआ), नमक- स्वादानुसार
**विधि**-
सबसे पहले आटे में तेल और नमक मिलाकर नरम आटा गूंध लें और ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। पिठी के लिए कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें हींग और जीरा तड़काएं। फिर अदरक, हरी मिर्च, सत्तू, सौंफ और धनिया पाउडर डालें और हल्का भूनें। अब बाकी मसाले और नमक मिलाकर मिश्रण ठंडा करें। आटे की छोटी लोइयां बनाएं, बीच में पिट्ठी भरें और कचौरी का आकार दें। बेलकर गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम कचौरी को हरी धनिया की चटनी या आम के अचार के साथ परोसें।

# विकास उड़ गया आंधी में



निर्मल रानी



दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज आंधी, बारिश व तूफान का सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के करीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई, जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए, जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज हवा के चलते उड़ गई।

छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। गौरतलब है कि अभी करीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपए की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुए इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहां एक बात यह भी काबिले गौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्प्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्राय: कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज करते हुए कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेजी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मजबूत भी चाहिए। याद कीजिए 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुदरेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर करीब 14 हजार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुन: चित्रकूट को जाने वाली लेन पर करीब एक दर्जन गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे और काफी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफी फजीहत हुई थी। जाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा जिले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुजरने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहां भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था। इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आई थी। 12 फरवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुए इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस उत्कृष्ट निर्माण की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गईं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुजरने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुजरने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे गड्ढे विकसित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी जिम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आखिर क्या है? कौन हैं इन कंपनीज के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इस तरह खुलकर लूट करते हैं? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आखिर कभी खत्म भी होगा या नहीं?

इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है? क्या वजह है कि जिन मुगलों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाए हुए हजारों निर्माण आज भी पूरी मजबूती के साथ अपना सिर बुलंद किए खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेजों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आज तक क्षतिग्रस्त नहीं हुए। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नए संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का विकास कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों का हमला, पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया। खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छात्रों

**खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया**

और कर्मचारियों सहित अन्य 40 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शक्तिशाली विस्फोट के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पुलिस ने समूचे इलाके की घेराबंदी कर दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## पाकिस्तान-भारत के बीच मतभेदों को सुलझाने का स्वागतः चीन

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा है कि चीन पाकिस्तान और भारत द्वारा बातचीत के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से निपटाने, व्यापक और स्थाई युद्धविराम हासिल करने और मौलिक समाधान तलाशने का स्वागत करता है और उसका समर्थन करता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम अपेक्षा के अनुरूप भी है। वांग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मजबूत करने और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर घनिष्ठ रणनी. तिक संचार बनाए रखा है, जो द्विपक्षीय संबंधों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गाड्र्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट

**सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा**


लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कामन इंटरेस्ट-सीसीआई) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

### विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, चर्चित सीपीईसी प्रोजेक्ट पर भारत अपित्त जता चुका है

**बीजिंग।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है।

पाकिस्तान के फारेन आफिस (पीएफओ) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कारिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कारिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। सीपीईसी का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विद. ेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोआ. परेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपये) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। सीपीईसी के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 50 बिलियन डॉलर की लागत वाला सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट और चीन के शिंजियांग को जोड़ेगा। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है। भारत का मानना है कि सीपीईसी के जरिए चीन विस्तारवाद की नीति पर चल रहा है और भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा के घायल होने की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है।

हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में

**पाकिस्तान के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती, हाफिज सईद का करीबी, 2014 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित**

शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चौरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था।

## ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक पर समर्थन के लिए रिपब्लिकन सांसदों से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प कैपिटल हिल गए और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विधेयक वर्ष 2017 के ट्रम्प टैक्स कटौती को आगे बढ़ाएगा, टिप्स और ओवरटाइम काम पर कोई टैक्स नहीं लगाएगा, तथा मेडिकेड कवरेज और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में कटौती करेगा।

## अमेरिका के लिए नया डिफेंस सिस्टम बनवा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायली के आयरन डोम की तरह अमेरिका भी खुद का डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम बनाने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगवलार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि इसके लिए एक डिजाइन भी चुन लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि गोल्डन डोम उनके कार्यकाल के आखिर तक चालू हो जाएगा।

एक बार तैयार होने पर यह मिसाइलों को रो. कने में सक्षम होगा। भले ही उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से से लान्च किया जाए। ट्रम्प ने दावा किया कि गोल्डन डोम अंतरिक्ष से हुए हमलों को भी रोकने के काबिल होगा। स्पेस, जमीन और

**गोल्डन डोम स्पेस से होने वाले हमले भी रोकेगा, इजरायली आयरन डोम से ज्यादा मजबूत होगा**

समुद्र तीनों जगहों से होगी हिफाजत ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम में पिछले 40 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया में कई एडवांस तकनीक से लैस मिसाइलें बन रही हैं। अभी का डिफेंस सिस्टम ऐसे खतरों का मुकाबला करने के काबिल नहीं है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत भी किया था। उन्होंने पेंटागन को अमेरिकी मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'नेक्स्ट जेनेरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम' तैयार करने का आदेश दिया, ताकि चीन, रूस, उत्तर कोरिया या फिर किसी और देश से आने वाले बैलिस्टिक मिसाइल को रोका जा सके। गोल्डन डोम को अंतरिक्ष, जमीन और समुद्र, तीनों जगहों से काम करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो दुश्मन की मिसाइल को लान्च होते ही पकड़ लेगी और रास्ते में ही उसे तबाह कर देंगी। इजरायली ने 2011 से मिसाइलें रोकने के लिए सिस्टम इस्तेमाल किया है।

## टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मस्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों तक टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में राजनी. तिक खर्च में कटौती करेंगे।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में आर्थिक मंच पर मस्क ने कहा कि उन्हें टेस्ला में 'कुछ अद्भुत' काम के लिए उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने

**यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है: मस्क**

डेलावेयर न्यायाधीश की आलोचना की, जिन्होंने 2018 में कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए बड़े वेतन पैकेज के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया और दोहराया कि वह धन के बजाय अधिकार के कारणों से टेस्ला के अधिक शेयर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसे की बात नहीं है। यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है। उद्योगपति ने कहा कि वह भविष्य में राजनीति पर अब कम खर्च करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस पर काफी खर्च कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीतिक खर्च करने का कोई कारण दिखाई देता है, तो मैं ऐसा करूंगा। मस्क ने वर्ष 2008 से टेस्ला कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी (सीईओ) हैं।

## राजनीति पर भविष्य में काफी कम खर्च करेंगे एलन मस्क

**दोहा।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह भविष्य में राजनीति पर पहले से काफी कम खर्च करेंगे।

ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव अभियान और अन्य रिपब्लिक उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च करने के बाद मस्क ने दोहा की राजधानी कतर में एक आर्थिक मंच पर कहा कि मैं भविष्य में राजनीति पर पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि इस बार, राजनी. ति पर मैंने ज्यादा ही खर्च कर दिया है। मस्क ने हालांकि भविष्य में राजनीतिक चंदा देने से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीति पर खर्च करने की कोई वजह दिखेगी, तो मैं जरूर करूंगा। ट्रंप के कट्टर समर्थक के रूप में उद्योगपति मस्क की भूमिका के कारण टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी को विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और शेयरों में गिरावट आई है। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से टेस्ला के शेयर में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि मस्क के मंगलवार के बयान के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की हल्की बढ़त देखी गई।



## यूएई, इजरायल गाजा में तत्काल मानवीय सहायता शुरू करने पर सहमतः नाह्यान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल ने यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने फोन में हुई बातचीत में यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करने सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों के मंत्रियों के बीच हुई इस बातचीत के बाद यूएई विदेश मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहायता शुरुआती चरण में गाजा पट्टी में लगभग 15,000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा

**गाजा पट्टी में लगभग 15000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी**

करेगी। यूएई की मानवीय सहायता में बेकरी को चालू रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति और शिशु देखभाल के लिए आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी। बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने मानवीय संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने, युद्ध विराम सुनिश्चित करने और बंधकों की रिहाई के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि इजरायल ने पिछले शुक्रवार को ऑपरेशन 'गिदोन रथ' के तहत गाजा पट्टी में फिर से हमला शुरू कर दिया था।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Since 2010
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor